






## भूमिका

बहुत से लोग पूछा करते हैं कि वह सत्यनारायण की कथा कौन-सी है, जो ब्राह्मण और वैश्य ने सुनी थी? सो यह शंका न होनी चाहिये। उन लोगों को यह जानना चाहिये कि सत्यनारायण का एक व्रत है और उस व्रत-सम्बन्धी जो आख्यान है वही कथा है। और भगवत्सम्बन्धी जो आख्यान हैं वह युग-युग में नित्य वैसे ही होते रहते हैं और भगवद्-भक्तों के ऊपर जो अनुग्रह करने के चरित्र हैं, वही भगवत्सम्बन्धी कथाएँ हैं।

सत्यनारायण भगवान् का व्रत-पूजन समाज में सर्वत्र किया जाता है। इसे चारों वर्ण के भक्त अपनी जिस-जिस भी आपदा निवारणार्थ किये उनको उन संकटों से मुक्ति मिली। सर्वप्रथम ब्राह्मण सतानन्द ने मानसिक संकल्प से व्रत को प्रारम्भ किया। जो कि भिक्षुक जीवन व्यतीत करते थे, वे सदैव श्री नारायण के अनुग्रह से प्राप्त कृपा कटाक्ष द्वारा इहभौतिक समस्त सुखों को प्राप्त कर लिये। इसके फलस्वरूप अन्य वर्णों में भी भगवद् भक्ति की प्रेरणा मिली। लकड़हारा जो कि अज्ञानी व निर्धन है उसने भी इस व्रत का पालन कर गौरव को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार वैश्य एवं क्षत्रिय (राजा) ने भी इस गौरवमयी-मनवांछित फलदाता व्रत को स्वीकार किया और नारायण प्रभु के अनुग्रह से लाभ प्राप्त किया।

यह कथा श्री वेदव्यास जी ने स्कन्दपुराण के अन्तर्गत अन्य देव रेवाखण्ड में वर्णन किया है। महाशय गण! लिखने में या छापने में जो कुछ अशुद्धियाँ हो गयी हों, उन्हें आप विद्वज्जन सुधार लेवें।

—वायुनन्दन मिश्र

# सत्यनारायणव्रत-कथा पूजन-सामग्री

| | | | |
|---|---|---|---|
| १-०० रोरी | सुवर्ण का टुकड़ा ५ | धोती १, अंगोछा १ | चौकी १ |
| १-०० नारा | कलश ताँबे का ५ | जनेऊ जोड़ा २ | पीढ़ा १ |
| १-०० अबीर | ढकना ताँबे का ५ | १ पैकेट धूपबत्ती | प्रतिमा सोने की |
| १-०० बुक्का | माला, फूल, तुलसी | १ पैकेट दीपबत्ती | (विष्णुकी या शालिग्रामकी) |
| १-०० मेंहदी की बुकनी | दूध गौ का ऽ१। | २-०० कपूर | केला का खम्भा ६ बड़ा |
| १-०० हरदी की बुकनी | दही गौ का ऽ। | पेड़ा ऽ।। | तोरण |
| सुरआरी का बिया २५० ग्राम | घृत गौ का ऽ। | बतासा ऽ।। | हँड़िया |
| २-०० सर्वौषधि | सहद ऽ- | ऋतुफल | कसोरा, दीया |
| पंचरत्न की पुड़िया | चीनी ऽ१। | २५ पान | वेदी के लिए बालू |
| पंचपल्लव | आटा गेहूँ का ऽ१। | सोपाड़ी ऽ- | शाकला |
| सप्तमृत्तिका | चावल ऽ१। | नारियल | पलाश की लकड़ी |
| सप्तधान्य ऽ१। | केशर का चन्दन | मलमल २।। गज | गंगाजल |





## अथ पूजनप्रकारः

**श्रीगणेशाय नमः।** यजमानः सायङ्काले युग्मवस्त्रेण स्नात्वा स्नानान्ते युग्मवस्त्रेण शुद्धधौतं नवं-श्वेतम् उत्तरीयं च परिधाय यज्ञोपवीतं धारयित्वा शुभासने प्राङ्मुख उपविश्य । **त्रिराचम्य-**

ॐ केशवाय नमः, ॐ नारायणाय नमः, ॐ माधवाय नमः, हस्तप्रक्षालनं गोविन्दाय नमः। प्राणानायम्य । अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा । यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।। इत्यात्मानं पूजासामग्रीं च सम्प्रोक्ष्य । **हस्ते अक्षत-पुष्पाणि गृहीत्वा-**

'सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गजकर्णकः। लम्बोदरश्च विकटो विघ्ननाशो विनायकः।।१।। धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः। द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि ।।२।। विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा । सङ्ग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते ।।३।। शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं चतुर्भुजम् । प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये ।।४।। अभीप्सितार्थसिद्ध्यर्थं पूजितो यः सुरऽसुरैः। सर्वविघ्नहर तस्मै गणाधिपतये नमः।।५।। इति **पठित्वा सङ्कल्पं कुर्यात् ।**

देशकालौसंकीर्त्य अमुकगोत्रः अमुकशर्माऽहं ममाऽऽत्मनः श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफल-प्राप्त्यर्थं सकलदुरितोपशमन-सर्वाच्छान्तिपूर्वकम् अमुकमनोरथसिद्ध्यर्थं च यथासम्पादित-सामग्र्या पूर्वाङ्गीकृतं श्रीसत्यनारायणपूजनपूर्वक पुस्तकं व्यासपूजनं कथाश्रवणं च करिष्ये । तदङ्गत्वेन कलशस्थापनं वरुणपूजनं सूर्यादि-नवग्रहदेवता-स्थापनं पूजनं च करिष्ये । तत्राऽऽदौ निर्विघ्नतासिद्ध्यर्थं गणेशाऽम्बिकयोः पूजनं च करिष्ये । क्रमेण गणेश-गौरी-वरुण-नवग्रहपूजनं विधाय, **सत्यनारायणाय-पूजनं कुर्यात् । तद्यथा-**

'ॐ गणानां त्वेति' गणपतये नमः गणपतिमा०।' 'ॐ अम्बेऽम्बिके०' इति गौर्य्यै नमः गौरीमा०। पादयोः पाद्यं०

हस्तयोः अर्घ्यं स. आचमनीयं स०, स्नानं स०, गन्धं० स०, अक्षतान् स०, पुष्पमालां स०, धूपम् आघ्रापयामि, दीपं दर्शयामि । हस्तप्रक्षालनम् । नैवेद्यं समर्प०, आचमनीयं मध्ये पानीयम् उत्तरापोषणं समर्पयामि । मुखशुद्ध्यर्थं ताम्बूलपूगीफलं स०, द्रव्य दक्षिणां स०, आर्तिक्यं समर्पयामि । प्रदक्षिणां स०, पुष्पाञ्जलिं स०, विशेषाऽर्घ्यं स०, प्रार्थनां समर्पयामि । अनया पूजया गणेशाम्बिके प्रीयेताम् । एवं कलशस्थापनविधिना कलशं प्रतिष्ठाप्य ।' 'ॐ तत्त्वायामीति' वरुणमावाह्य पूजयेत् । 'ॐ ग्रहा ऊर्ज्जेति' मन्त्रेण नवग्रहान् संस्थाप्य पूजयेत् । ॐ सूर्याय नमः सूर्यं० ॥१॥ ॐ चन्द्राय नमः चन्द्रं० ॥२॥ ॐ भौमाय नमः भौममा० ॥३॥ ॐ बुधाय नमः बुधमा० ॥४॥ ॐ बृहस्पतये नमः बृहस्पतिमा० ॥५॥ ॐ शुक्राय नमः शुक्रमा० ॥६॥ ॐ शनैश्चराय नमः शनैश्चरमा० ॥७॥ ॐ राहवे नमः राहुमा० ॥८॥ ॐ केतवे नमः केतुमा० ॥९॥

**इति पूर्ववत् ग्रहशान्त्यनुसारेणा सम्पूज्य । सत्यनारायणपूजनम्–पुष्पं गृहीत्वा ध्यानं कुर्यात्–**

**ध्यायेत् सत्यं गुणातीतं गुणत्रयसमन्वितम् । लोकनाथं त्रिलोकेशं कौस्तुभाभरणं हरिम् ।।१।।**

**नीलवर्णं पीतवस्त्रं श्रीवत्सपदभूषितम् । गोविन्दं गोकुलानन्दं ब्रह्माद्यैरपि पूजितम् ।।२।। इति ध्यानम् ।**

आगच्छाऽऽगच्छ देवेश ! तेजोराशे जगत्पते । क्रियमाणां मया पूजां गृहाण सुरसत्तम । **इत्यावाहनम् ।** ततः तुलसीदलं गृहीत्वा आसनं दत्वा । नानारत्नसमायुक्तं कार्तस्वरभूषितम् । आसनं देवदेवेश ! प्रीत्यर्थं प्रतिगृह्यताम् ॥ **इत्यासनम् ।** नारायण ! नमस्तेऽस्तु नरकार्णवतारक । पाद्यं गृहाण देवेश ! मम सौख्यं विवर्धय ॥ **पाद्यं स० ।** व्यक्ताऽव्यक्त-स्वरूपाय हृषीकपतये नमः। मया निवेदितो भक्त्या अर्घोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥ **इत्यर्घम् ।** मन्दाकिन्यास्तु यद्वारि सर्वपापहरं शुभम् । तदिदं कल्पितं देव ! सम्यगाचम्यतां त्वया ॥ **इत्याचमनम् ।** स्नानं पञ्चामृतं देव ! गृहाण पुरुषोत्तम ! । अनाथनाथ सर्वज्ञ गीर्वाणप्रणतिप्रिय ! ॥ **इति पञ्चामृतस्नानम् ।** गङ्गा च यमुना चैव गोदावरी सरस्वती ।





नर्मदा-सिन्धु-कावेरी स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम् ॥ **इति शुद्धोदकम् ।** वेदसूक्तसमायुक्ते यज्ञसामसमन्विते । सर्ववर्णप्रदे देव ! वाससी प्रतिगृह्यताम् ॥ **इति वस्त्रम् ।** ब्रह्म-विष्णु-महेशेन निर्मितं ब्रह्मसूत्रकम् । यज्ञोपवीतदानेन प्रीयतां कमलापतिः ॥ **इति यज्ञोपवतीतम् । आचमनम् उत्तरीयवस्त्रम् आचमनम् ।** श्रीखण्डचन्दनं दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम् । विलेपनं सुरश्रेष्ठ ! चन्दनं प्रतिगृह्यताम् ॥ **इति चन्दनम् ।** मल्लिकादि-सुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभो !। मयाऽऽहृतानि पूजार्थं पुष्पाणि प्रतिगृह्यताम् ॥ **इति पुष्पाणि समर्पयामि ।** वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढ्यो गन्ध उत्तमः। आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥ **इति धूपं समर्पयामि ।** आज्यं च वर्तिसंयुक्तं वह्निना योजितं मया । दीपं गृहाण देवेश ! त्रैलोक्यतिमिरापहम् ॥ **इति दीपं दर्शयामि ।** घृतपक्वं हविष्यान्नं पायसं च सशर्करम् । नानाविधं च नैवेद्यं विष्णो ! मे प्रतिगृह्यताम् ॥ **इति नैवेद्यं निवेदयामि ।** सर्वपापहरं दिव्यं गाङ्गेयं निर्मलं जलम् । आचमनं मया दत्तं गृह्यतां पुरुषोत्तम ! ॥ **इत्याचमनं समर्पयामि ।** लवङ्ग-कर्पूरसंयुक्तं ताम्बूलं सुरपूजितम् । प्रीत्या गृहाण देवेश ! मम सौख्यं विवर्द्धय ॥ **इति ताम्बूलं समर्पयामि ।** इदं फलं मया देवं ! स्थापितं पुरतस्तव । तेन मे सफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनिजन्मनि ॥ **इति फलं समर्पयामि ।** हिरणायगर्भगर्भस्थं हेमबीजं विभावसोः। अनन्तपुण्यफलदमतः शान्तिं प्रयच्छ मे ॥ **इति दक्षिणां समर्पयामि ।** चतुर्वर्तिसमायुक्तं घृतेन च सुपुरितम् । नीराजनेन सन्तुष्टो भवत्येव जगत्पतिः॥ **इति नीराजनम् ।** यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च । तानि तानि विनश्यन्ति प्रदक्षिणा पदे पदे ॥ **इति प्रदक्षिणा ।** शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं, विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्णं शुभाङ्गम् । लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यं, वन्दे विष्णुं भवभयहरणं सर्वलोकैकनाथम् ॥ **इति पुष्पाञ्जलिः ।** अनया पूजया श्रीविष्णुः प्रीयतां न मम **अथ पुस्तक-व्यास पूजन-प्रकारः** ततः पुस्तके सरस्वत्यै नमः, व्यासपुरुषाय नमः, इति गन्ध-पुष्प-धूप-दीप-नैवेद्य-ताम्बूलदक्षिणादीन् समर्पयामि । **इति पूजनविधिः समाप्ता।** ◆



भोजन-भोग - राजा राम आइये, सीताराम आइये, राधेश्याम आइये, मेरे भोजन का भोग लगाइये ॥
आचमनी अरघान आरती यहीं यही मेहमानी -2, रूखा सूखा खाओ प्रभु जी, पीयो प्यार से पानी,
राजा राम आइये, सीताराम आइये भोजन का भोग लगाइये

## अथ शङ्खनिनादं कृत्वा, मङ्गलाचरणं, पठेत्

नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम् । देवीं सरस्वतीं व्यासं ततो जयमुदीरयेत् ।।
स. गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः । गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ।।
व्र. अखण्ड-मण्डलाकारं व्याप्तं येन चराऽचरम् । तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ।।
क. अमोघं पुण्डरीकाक्षं नृसिंहं दैत्यसूदनम् । हृषिकेशं जगन्नाथं वागीशं वरदायकम् ।।
गुणत्रयं गुणातीतं गोविन्दं गरुडध्वजम् । जनार्दनं जनातीतं जानकीवल्लभं हरिम् ।।
प्रणमामि सदा भक्त्या नारायणमतः परम् । दुर्गमे विषमे घोरे शत्रुभिः परिपीडिते ।।
निस्तारयस्व सर्वेषु तथाऽग्निभयेषु च । नामान्येतानि सङ्कीर्त्य ईप्सितं फलमाप्नुयात् ।।
सत्यनारायणं देवं वन्देऽहं कामदं प्रभुम् । लीलया विततं विश्वं येन तस्मै नमो नमः ।।

नीलाम्बुजश्यामल-कोमलाङ्गं सीता-समारोपित-वामभागम् ।
पाणौ महासायकचारुचापं नमामि रामं रघुवंशनाथम् ।।

सीता-रामगुणग्राम पुण्यारण्य-विहारिणौ । वन्दे विशुद्ध-विज्ञानौ कवीश्वर-कपीश्वरौ ।
श्रीराघवं दशरथात्मजमप्रमेयं सीतापतिं रघुकुलान्वय-रत्नदीपम् ।
आजानुबाहुमरविन्ददलायताक्षं रामं निशाचर-विनाशकरं नमामि ।।
ध्येयः सदा सवितृमनण्डलमध्यवर्ती, नारायणः सरसिजासनसन्निविष्टः ।
केयूरवान् मकरकुण्डलवान् किरीटी, हारी हिरण्मयवपुर्धृतशङ्खचक्रः ।।
आपदुघन-ध्वान्त-सहस्रभानवः समीहितार्थार्पणकामधेनवः । अपार-संसार-समुद्रसेतवः पुनन्तु मां ब्राह्मणपादपांसवः ।।
तत्रैव गङ्गा यमुना च तत्र गोदावरी सिन्धु सरस्वती च । सर्वाणि तीर्थानि वसन्ति तत्र यत्राऽच्युतोदारकथाप्रसङ्गः ।।

हे ईश्वर सब सुखी हों कोई ना हो दुखारी, सब हों निरोग भगवन धन धान्य के भण्डारी ।।
प्रथम श्री हनुमान जी महाराज

आओ वीर हनुमान देवता सारे, म्हारे रिद्ध सिद्ध लेकर आओ गजानन्द प्यारे !
वीर हनुमाना अति बलवाना राम नाम रसियो रे । प्रभु मन बसियो रे ।। राम नाम रसियो रे...
जो कोई आवे, अरज लगावे, सबकी सुनियो रे, प्रभु मन बसियो रे ।। राम नाम रसियो रे —
अर्जी हमारी, मर्जी तुम्हारी, कृपा करियो रे, प्रभु मन बसियो रे ।। राम नाम रसियो रे —
बिन सत्संग विवेक न होई । राम कृपा बिन सुलभ न सोई ।।
मेरा तार हरि से जोड़े ऐसा कोई संत मिले....
टूटा तार हुआ अँधियारा, हरि दिखे ना हरि का द्वारा ।
मेरा बिछड़ा मीत मिला दे, ऐसा कोई संत मिले —....
निज में निज को ज्ञान करा दे, हरे पाप हरिहर से मिला दे,
मेरी सीधी बात करा दे, ऐसा कोई संत मिला दे.....।

श्री राम, जय राम जय जय राम — 3
कौशल्या के प्यारे राम, दशरथ राज दुलारे राम,
बोलो श्री राम जय राम, जय जय राम.
[illegible] बिन भव निधि तरई न कोई । जो बिरंचि संकर सम होई

मेरे दिल में गई ये समाय भक्त की भाव भरी भक्ति । — टेक
रीझें झूठे चुल्लु जल पै । बिन मोल बिकुँ तुलसी दल पै ॥
बिन प्रेम न सुधा सुहाय ॥ भाव भरि भक्ति ....।
नहीं भोग दुर्योधन के भाये । छिलकों विदुरानी के खाये ॥
गोपिन की छाछ सुहाइ ॥ भाव भरी भक्ति ....।
जो मेरो सुमिरन करि लेगो । भवसागर पार उतारि लेगो ॥
बिनु सुमिरन गोता खाइ ॥ भाव भरी भक्ति ....।
मेरे प्रेम कौ पन्थ निरालौ है । जाइ समझे समझन हारौ है ॥
तोकूँ मारग दियो बताई ॥ भाव भरि भक्ति ५.

स्वागत कृष्ण: शरणागत कृष्ण:, स्वागतं शरणागतं । कृष्ण ॥
हे केशव: हे माधव कृष्ण: ॥ श्रीगणेशाय नमः॥ सुस्वागत
मधुसूदन कृष्ण: मन मोहन कृष्ण: ॥



# सत्यनारायण व्रत-कथा



स. व्र. क. — अ. १

(पण्डित वायुनन्दन मिश्र कृत भाषाटीका तथा
प्रासंगिक श्लोक, दोहा, चौपाई एवं कवित्त सहित)

ऋषि - एक विकुत व प्रबुद्ध व्यक्ति

## प्रथमोऽध्यायः (१)

मुनि - आध्यात्मिक ज्ञानी, व्यक्ति जो मौन रहते हैं

व्यास उवाच-

**एकदा नैमिषारण्ये ऋषयः शौनकादयः। पप्रच्छुर्मुनयः सर्वे सूतं पौराणिकं खलु ।१।**

कथावाचक अर्थात् व्यासजी श्रोता लोगों से कहते हैं कि एक समय नैमिषारण्य में शौनकप्रभृति अठ्ठासी हजार ऋषिगण इकट्ठे होकर आपस में विचार करते थे कि महाघोर कलिकाल आ रहा है अत: कलि के मनुष्यों को महान् दु:ख प्राप्त होगा। इस दु:खरूपी ताप से बचाने के लिए क्या उपाय करना चाहिये? इसी बीच व्यासजी के शिष्य पौराणिक सूतजी महाराज त्रिपुण्ड धारण किये, रुद्राक्ष की माला पहने, शिष्यों के सहित, जहाँ पर अठ्ठासी हजार ऋषी लोग थे, वहाँ पर आये। उनको देखकर अठ्ठासी हजार शौनकादि ऋषियों ने उठकर साष्टांग दण्डवत् किया। दोहा में एक कवि ने कहा है—

*हरषि उठै आदर करै, आवत जानि अतीत। ऐसे जन को जानिये परमेश्वर सों प्रीत ॥*
*आवत ही हरषे नहीं, नैनन नहीं सनेह। भूले तहाँ न जाइये, कंचन बरसे मेह ॥*

गुरु बिन भव निधि तरइ न कोई। जो बिरंचि संकर सम होई

ऋषय ऊचुः-

**व्रतेन तपसा किं वा प्राप्यते वाञ्छितं फलम् । तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामः कथयस्व महामुने ।।।२।।**

*याते कहत पुकारि के, सुनो सकल दे कान । हेमदान गजदान ते, बड़ो दान सनमान ।।*

तुलसीदासजी ने भी लिखा है कि—

*दलन मोहतम सो सुप्रकासू । बड़े भाग्य उर आवहिं जासू ।।*
*उघरहिं विमल विलोचन ही के । मिटहिं दोष दुःख भव-रजनी के ।।*

ऐसा कहकर श्रीसूतजी महाराज को आसन देकर, शौनकादि ने उनका यथोचित पूजन किया ॥१॥ और शौनकादि ऋषियों ने सूतजी से कहा— हे महाराज ! इस समय तो आपका ऐसा शुभागमन हुआ है कि जैसे नदी में डूबते हुए मनुष्यों को नाव आकर बचा लेती है । उसी तरह हम लोग इस समय शोक-रूपी सागर में डूब रहे थे, उस सागर से बचाने के लिए आपका शुभागमन हुआ । जैसा कि तुलसीदासजी ने लिखा है कि-

*राम-विरह सागर महँ, भरत मगन मन होत । विप्र रूप धरि पवन सुत, आय गये जिमि पोत ।।*

सो वह शोक-रूपी सागर यह है कि कलियुग समीप आ रहा है, इसमें कैसे-कैसे मनुष्य होंगे? वह हे महाराज ! सुनिए ।

सवैया–

*मानहिंगे नहिं शास्त्र की रीति, करेंगे अनीति, डरेंगे न जी को । हिन्दु कहाई के, हिन्दीहि छाँड़ि, पढ़ैं सब इंगलिश फारसी नीको ।।*
*करेंगे पुराण व मूरति खण्डन, रुद्र-विवाह करावैंगे ती को । वेद के अर्थ अनर्थ करेंगे बतावैंगे गप्पहिं जोग यती को ।।*
*सन्त भ्रमन्त जटन्त बनेंगे, करेंगे न योग कहावेंगे योगी । नशा की दशा में फँसेंगे सभी, शिशु वृद्ध युवा नर होवेंगे रोगी ।।*





सूत उवाच-

**नारदेनैव सम्पृष्टो भगवान् कमलापतिः। सुरर्षये यथैवाऽऽह तच्छृणुध्वं समाहिताः।।३।।**

*अबला मुख देखि सबै जनता, तजि मातु पिता बन जाहिंगे भोगी । सदा कलिकाल अकाल पड़ैंगे, फलैंगे न वृक्ष, सुवृष्टि न होगी ।।*
*सान्ध्यविधी न करेंगे कोई, नित तर्पण होम की कौन चलाइये । वनिता जग रूपवती पतिहीन, जिन्हैं पति हैं तिन पुत्र न पाइये ।।*
*जिनके गृह तीनों रहेंगे बने, तिनके गृह नित्य उपास जनाइये । हे प्रभु दीनदयाल दयानिधि, ताप-विमोचन युक्ति बताइये ।।*

इसलिये हे प्रभो ! व्रत या तप करके वांछित फल जिस प्रकार प्राप्त हो, वह आप कहिये, जिसमें कि हम मनुष्यों का दुःख दूर हो । फिर हाथ जोड़कर शौनकादिक कहते हैं ।

दोहा-

*बन्दौं पद धरि धरणि शिर, विनय करौं कर जोरि । वरणौं रघुबर विमल यश, श्रुति सिद्धान्त निचोरि ।*

चौपाई-

*अति आरत पूछौं मुनिराया । रघुपति कथा कहहु करि दाया ।*

सो हे महाराज ! हम लोगों को सुनने की इच्छा है ॥२॥ सो आगे के प्रसंग में सूतजी महाराज कहेंगे । अब सूतजी महाराज कहते हैं कि हे शौनकादि ऋषि ! आप लोग धन्य हैं । ऐसे मनुष्य जो हैं, वे ही सत्पुरुष कहे जाते हैं, जो कि परोपकार के लिए चिन्ता करते हैं और इसका उद्योग करते हैं । जैसा कि एक कवि ने कहा है ।

सवैया—

*जिनके जग शत्रु न होवै कोऊ, पर के अपकार की राय न होई । परकाज के हेतु स्वकाज तजैं, धन-धान्यहु को तजि देत हैं जोई ।।*
*संकट प्राण पै आय परै, तबहूँ नहिं सत्य खजाने को खोई । दीनजनों को उबारैं सदा, अस हैं पुरुषोत्तम या जग कोई ।।*

*तुलसीदासजी ने भी लिखा है—*

**साधु चरित शुभ सरिस कपासू । निरस विशद गुणमय फल जासू ।।**
**जो सहि दुःख पर छिद्र दुरावा । बन्दनीय जेहि जग यश पावा ।।**

*और भी कहते हैं—*

***भले भलाई पर लहैं, लहैं निचाई नीच । सुधा सराहिय अमरता, गरल सराहिय मीच ।***

अत: हे परोपकारी ऋषिगण ! ऐसे ही एक समय कमला, जो लक्ष्मी, उनके पति, जो भगवान्, उनसे नारदजी ने पूछा रहा, जैसा आपलोगों ने हमसे पूछा है । सो हे ऋषि गण! संध्या करने के बाद जैसा नारदजी के प्रश्न का उत्तर भगवान् ने दिया था, उसी प्रकार हम आप लोगों से कहेंगे । शौनकादिकों ने कहा कि बहुत अच्छा महाराज ! हमलोग भी संध्योपासन कर लेवें, क्योंकि ऐसा कहा है कि तीन दिन ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य संध्योपासन न करें तो शूद्र की तरह हो जाते हैं । जैसा कि स्मृतिमें लिखा है—

*श्लोक—* **सप्ताहं प्रातरस्नायी संध्याहीनस्त्रिभिर्दिनैः। द्वादशाहमनग्निः सन् द्विजः शूद्रत्वमाप्नुयात् ।।**

*और कवि ने भी कहा है—* **सवैया-**

***जो उठि प्रात नहात नहीं, दिन सात चले यह ही विधि जाको । अक्ष की माल न भालविभूति, न देत जु अर्घ सदा सविता को ।***
***सान्ध्यविधी करते नहिं जो, दिन तीन न ध्यान धरैं जो उमा को ।। द्विजराज बने निज काज तजै, गनिये अस ब्राह्मण शूद्रप्रथा को ।।***

तदनन्तर सन्ध्योपासन करके ऋषि लोग सूतजी के पास आये और दण्डवत् करके बैठे । सूतजी महाराज भी सन्ध्योपासन से निवृत्त होकर बैठे थे । शौनकादिकों से सूतजी कहते हैं कि एकाग्रचित होकर सुनो—

***सियाराम सब राखि उर, सुनहु मोर उपदेश । जो गरीब कहुँ लखि परै, काटहु तुरत कलेश ।।***
***दया धर्म को मूल है, नरक मूल अभिमान । याते दया न छोड़िये, जबलौं घट में प्रान ।।३।।***



काहु न कोउ सुख दुःख दाता । निज कृत कर्म भोग सब भ्राता ।। ५ वेद । १८ पुराण

दीन दयाल बिरद संभारी । हरहु नाथ मम संकट भारी । मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सो दशरथ अजिर बिहारी





**एकदा नारदो योगी परानुग्रहकाङ्क्षया । पर्यटन् विविधान् लोकान् मृत्युलोकमुपागतः ।।४।।**
**ततो दृष्ट्वा जनान् सर्वान् नानाक्लेश-समन्वितान् । नानायोनि-समुत्पन्नान् क्लिश्यमानान् स्वकर्मभिः ।।५।।**
**केनोपायेन चैतेषां दुःखनाशो भवेद् ध्रुवम् ?। इति सञ्चिन्त्य मनसा विष्णुलोकं गतस्तदा ।।६।।**
**तत्र नारायणं देवं शुक्लवर्णं चतुर्भुजम् । शङ्ख-चक्र-गदा-पद्म-वनमालाविभूषितम् ।।७।।**

सो हे ऋषि लोग ! एक समय नारद जोगी जो हैं वह परकार्य के लिए इच्छा करके विविध लोक में घूमते हुए मृत्युलोक में आये ।।४।। उस मृत्युलोक में क्या देखते हैं कि जितने मनुष्य हैं वे सभी नाना प्रकार के क्लेशयुक्त हैं और अनेक योनि में उत्पन्न होकर अपने किये हुए पापों को भोग रहे हैं ।।५।। ऐसे मनुष्यों को दुःखी देखकर, नारदजी विचार करने लगे कि इन मनुष्यों का दुःख किस प्रकार दूर होगा ? ऐसा मन में विचार करके वीणा बजाते, हरिगुण गाते, विष्णु लोक याने बैकुण्ठलोक में गये । *तुलसीदासजी ने कहा है—*

***एक बार करतल कर वीणा । गावत हरिगुण परम प्रवीणा ।।***
***क्षीरसिन्धु गवने मुनि नाथा । जहँ बस श्रीनिवास श्रुति गाथा ।।***
***हरषि मिलै उठि रमानिकेता । बैठे आसन ऋषिहिं समेता ।।६।।***

वहाँ पर नारदजी ने देखा कि भगवान् का शुक्लवर्ण है और उनकी चार भुजाएँ हैं, चारों भुजाओं में शंख, चक्र, गदा, पद्म क्रम से धारण किये हैं और वनमाला से विभूषित हैं । वनमाला किसको कहते हैं ।



संसार के लोगों से आशा न किया करना । जब कोई न हो अपना सियाराम कहा करना

शिवजी को जल, सूर्य को अर्घ्य, विष्णु को श्रृंगार करके भोग लगाना - प्रसन्न करने के लिए
राम के स्वामी हनुमान जी ने क्यूँ किये - भोले बाबा को विष्णु जी ने भस्मासुर से बचाया इसलिये भोलेबाबा

दृष्ट्वा तं देवदेवेशं स्तोतुं समुपचक्रमे । हनुमान बनकर राम के साथ रहकर कार्य किये।

नारद उवाच- नमो वाङ्मनसातीत-रूपायाऽनन्तशक्तये ।।८।।

स. व्र. क. आदिमध्याऽन्तहीनाय निर्गुणाय गुणात्मने । सर्वेषामादिभूताय भक्तानामार्तिनाशिने ।।९।। अ. १

श्रुत्वा स्तोत्रं ततो विष्णुर्नारदं प्रत्यभाषत ।।

*श्लोक- तुलसी-कुन्द-मन्दार-पारिजातैश्च चम्पकैः। पञ्चभिर्ग्रथिता माला वनमाला विभूषिता ।।*

ऐसी माला नख से शिखा तक धारण किये हैं ।।७।। ऐसे देवों के देव याने स्वामी जो भगवान्, उनकी नारदजी स्तृति करते हैं । हे भगवन् ! आप को साष्टांग दण्डवत् है । आप सब प्राणियों को जानने वाले हैं । आप अनन्त रूप हैं, आपकी अनन्त शक्ति है ।।८।। आप आदि, मध्य, अन्त से रहित याने अनन्त हैं, आप निर्गुण और रजोगुण, तमोगुण, सतोगुण की आत्मा हैं और सम्पूर्ण प्राणियों के आदिभूत कारण हैं और अपने भक्तों के दुःख नाश करने वाले हैं । छन्द—

*जय सृष्टि विधाता, सब जगत्राता, भक्तहेतु तनुधारी । जय राक्षस नाशक, विश्वप्रकाशक, भू-भारहरण मुरारी ।*
*गावहिं जेहिं वेदा, पाव न भेदा, निर्गुण सगुण बखानी । जेहिं गिरा न भावै, मन नहिं जावै, जिनसे सब हैं ज्ञानी ।* १४
*जो जेहिं तनु माहीं, ध्यान लगाहीं, पावहिं सो फल भोगा । जो करहिं, प्रणामा, जग अभिरामा, होहिं न तिनके रोगा ।।*
*देखेउ मृत्युलोका, लोक सशोका, आयउँ लेन उपाई । मैं भक्त तिहारो, अर्ज हमारो, सुनिये ध्यान लगाई ।।९।।*

कोई तन दुःखी कोई मन दुःखी कोई धन बिन रहत उदास, थोड़ा - । सब दुःखी, सबसे सुखी राम के दास।

श्रीभगवानुवाच-

किमर्थमागतोऽसि त्वं? किं ते मनसि वर्तते ? । कथयस्व महाभाग ! तत्सर्वं कथयामि ते ।।१०।।

नारद उवाच-

स. व्र. क. मर्त्यलोके जनाः सर्वे नानाक्लेश-समन्विताः। नानायोनिसमुत्पन्नाः पच्यन्ते पापकर्मभिः।।११।। अ. १

तत्कथं शमयेन्नाथ ! लघूपायेन तद्वद । श्रोतुमिच्छामि तत्सर्वं कृपाऽस्ति यदि ते मयि ।।१२।।

ऐसी स्तुति नारदजी की सुनकर भगवान् नारदजी से कहते हैं कि हे नारद ! किस अर्थ के वास्ते आपका आगमन हुआ है ? और आपके मन में क्या वर्तमान है ? सो हे महाभाग ! आप मुझसे कहें, मैं उत्तर दूँगा ।।१०।। नारदजी बोले कि हे भगवन् ! हम तो इस अर्थ के वास्ते आये हैं कि मर्त्यलोक में मैं गया था, वहाँ पर जाकर देखा कि जितने मनुष्य हैं वे सभी नाना प्रकार के क्लेश को प्राप्त हो रहे हैं और अनेक योनियों में उत्पन्न होकर पापकर्म में पच रहे हैं ।।११।। जैसे कि तुलसीकृत रामायण में लिखा है—

*भये विकल खग मृग एहि भाँती । अपर कथा कैसे कहि जाती ।*
*यह कलिकाल कठिन उरगारी । पाप-परायण सब नर-नारी ।।*

सो हे भगवन् ! अधम-उधारन ! उन मनुष्यों के वास्ते कोई छोटा उपाय बताइये, जिससे कि उनका दुःख छूट जाय । यदि आप हमारे ऊपर कृपा रखते हैं तो कृपाकर कहिये, हमको सुनने की इच्छा है । १५

*दीनदयाल विरद सम्भारी । हरहु नाथ मम संकट भारी ।।१२।।*

भाव बिना कोई पुकारे मैं कभी सुनता नहीं, भाव से एक फूल दें वो मुझे स्वीकार है।
भाव का भूखा हूँ बस भाव ही एक सार है। भाव से जो भजे मुझको हो जाये भवसे पार है।

श्रीभगवानुवाच-

**साधुपृष्टं त्वया वत्स ! लोकानुग्रहकांक्षया । यत्कृत्वा मुच्यते मोहात्तच्छृणुष्व वदामि ते ।।१३।।**



भगवान् नारदजी से कहते हैं कि हे नारद ! तुमने अच्छा प्रश्न किया, जिससे कि संसार का कल्याण हो और पापों से छूटकर, जीव मोक्ष को प्राप्त हो जाय, अत: हे नारद ! यह शरीर परोपकार में ही लगाना चाहिये । ऐसा लिखा है कि—

*पिबन्ति नद्यः स्वयमेव नाऽम्भः, स्वयं न खादन्ति फलानि वृक्षाः ।*
*नाऽदन्ति सस्यं खलु वारिवाहाः, परोपकाराय सतां विभूतयः ।।*

इसलिए ऐसा ही करना चाहिये और हे साधु ! हम आपसे अपना स्वभाव कहते हैं, सुनो—

*सब मम प्रिय सब मम उपजाये । सबसे अधिक मनुज मोहिं भाये ।। तिन महँ द्विज, द्विज मँह श्रुतिधारी ।*
*तिन मँह निगम नीति अनुसारी ।। यहि तन कर फल विषै न भाई । स्वर्ग स्वल्प, अन्तहुँ दुखदाई ।।*
*नर समान नहिं कवनिउ देही । जीव चराचर याचत जेही ।। नर, तन पाइ विषय मन देही ।*
*पलटि सुधा से विष सठ लेही ।। फिरत सदा माया के प्रेरे । काल कर्म स्वभाव गुण घेरे ।।*

दोहा-

*जो नर तरै न भव-जलधि, नर-समाज अस पाय । सो कृत-निन्दक मन्द-मति, आत्माहन गति जाय ।।*
*पर-द्रोही पर-दार-रत, पर-धन पर-अपवाद । ते नर पामर पापमय, देह धरे मनुजाद ।।* 
*ऐसे अधम मनुज खल, कृतयुग त्रेता नाहिं । द्वापर कछुक, वृन्द बहु, हैं यहि कलियुग माहिं ।।*
*सो परम दुःख पावहिं, सिर धुनि-धुनि पछिताय । कालहिं, कर्महिं ईश्वरहिं, झूठहिं दोष लगाय ।।*

बड़े भाग मानुष तनु पावा । सुर दुर्लभ सब ग्रन्थिन्ह गावा । भजन करना चाहिए ।
जय राधे राधे गोविन्द, गोविन्द राधे, गोविन्द राधे, गोपाल राधे ।।

**व्रतमस्ति महत्पुण्यं स्वर्गे मर्त्ये च दुर्लभम् । तव स्नेहान्मया विप्र ! प्रकाशः क्रियतेऽधुना ।।१४।।**
**सत्यनारायणस्यैव व्रतं सम्यग् विधानतः । कृत्वा सद्यःसुखं भुक्त्वा परत्रमोक्षमाप्नुयात् ।।१५।।**
**तच्छ्रुत्वा भगवद्वाक्यं नारदो मुनिरब्रवीत् !**



चौपाई-

*जो परलोक इहाँ सुख चहहू । सुनि मम वचन हृदय मन गहहू ।। सानुकूल तेहिं पर सब देवा । जो तजि कपट करै द्विजसेवा ।।*

दोहा-

*श्रोता वक्ता ज्ञान-निधि, कथा राम की गूढ़ । किमि समुझै यह जीव जड़, कलिमल ग्रसित विमूढ़ ।।*

हे नारद ! आपसे एक छोटा-सा उपाय कहते हैं । आप एकाग्रचित से सुनो ।।१३।। एक ऐसा उत्तम व्रत है कि महापुण्य को देने वाला और स्वर्ग तथा पृथ्वी में दुर्लभ है, केवल इस समय हे नारद ! तुम्हारे स्नेह से प्रकाशित करते हैं ।।१४।। वह कौन-सा व्रत है कि सत्यनारायण जो विष्णु भगवान्, उनका व्रत व पूजन जो प्राणी विधिपूर्वक करेंगे वे शीघ्र ही दुःख से छूटकर सुख भोगकर मोक्ष को प्राप्त होंगे ।

*चहुँ युग चहुँ श्रुति नाम प्रभाऊ । कलि-विशेष नहिं आन उपाऊ ।।*
*सहित दोष-दुःख दास दुरासा । दलइ नाम जिमि रवि निशि नासा ।।*

*और भी एक कवि ने कहा है—* सवैया-

*नारद जा दिन चित्त विशुद्ध, सुनै यह सत्यकथा करि पूजा ।। फल लेइ ऋतूद्भव पावइ जो, अरु चूर्ण बनाइवइ विप्र-तनूजा ।।* 
*पंचामृत में अन्हवाय प्रभु, सब देकर भोग सुनै जू मनूजा ।। ब्राह्मण भोज करै सहजाति, यही दुःखमुक्ति उपाय न दूजा ।।१५।।*

नारद उवाच-

**किं फलं ? किं विधानं च? कृतं केनैव तद्व्रतम् ?।।१६।। तत्सर्वं विस्तराद् ब्रूहि कदा कार्यं व्रतं प्रभो ?।**

श्रीभगवानुवाच- **दुःख-शोकादि-शमनं धन-धान्य-प्रवर्धनम् ।।१७।।**

**सौभाग्य-सन्ततिकरं सर्वत्रविजयप्रदम् । यस्मिन् कस्मिन् दिने मर्त्यो भक्ति-श्रद्धा-समन्वितः।।१८।।**

---

ऐसा भगवान् का वाक्य सुनकर नारदजी बोले कि हे भगवन् ! व्रत तो आपने कहा परन्तु इस व्रत का क्या फल है ?, क्या विधि है?, कब करना चाहिये? और किसने पूर्व में इसे किया है? वह सब विस्तारपूर्वक कहिये ।।१६।। ऐसा नारदजी का वचन सुनकर भगवान् बोले कि हे नारद ! इस व्रत का फल यह है कि जितने प्रकार के दुःख और शोक हैं, उनको नाश करने वाला और धन-धान्य को बढ़ाने वाला है ।।१७।। और सौभाग्य तथा सन्तति को देने वाला और सम्पूर्ण जगह विजय को देने वाला है । अतः हे नारद ! मनुष्य को जिस-किसी दिन भक्ति-श्रद्धा उत्पन्न हो उसी दिन व्रत को करे, यह न विचार करे कि संक्रान्ति, एकादशी, पूर्णिमा आवे तब ही करेंगे ।।१८।। परन्तु सत्यनारायण प्रभु का पूजन सायंकाल के समय करना चाहिए । वह किस प्रकार करे ? यह कहते हैं कि—

*भाव कुभाव अनख आलसहूँ । नाम जपत मंगल दिशि दसहूँ ।।*
*ध्यान प्रथम युग, मख युग दूजे । द्वापर परितोषत प्रभु पूजे ।।*





**सत्यनारायणं देवं यजेच्चैव निशामुखे । तोरणादि च कर्तव्यं कदलीस्तम्भमण्डितम् ।।१९।।**
**पञ्चभिः कलशैर्युक्तं ध्वजाद्यैश्च समन्वितम् । जलपूर्णं सरत्ने च पूगीफलसमन्विते ।।२०।।**
**भूषिते पुष्प-मालाभिः सप्तधान्योपरिस्थिते । छादयेत् पट्टवस्त्रैर्नानावस्त्रविचित्रितैः।।२१।।**
**चन्दनादि-सुगन्धेन लेपयेद् गृहमण्डपम् । शङ्खभेरीमृदङ्गं च वादयेद् बहुभिर्जनैः।।२२।।**
**नानामङ्गलचारैस्तु कर्त्तव्यं निजसज्जनैः। सन्ध्यायां नियमं कृत्वा दन्तधावनपूर्वकम् ।।२३।।**

---

*कलि केवल फल मूल मलीना । पाप पयोनिधि जनु मन मीना ।।*

भगवान् के लिये बहुत-सा केले का खम्भा लगाकर मण्डप बनावें, आम के पत्ते का तोरण बाँधे ।।१९।। पाँच कलशों को जल से पूर्ण करके, उनमें पंचपल्लव, पंचरत्न, सर्वौषधि, दूर्वा, कुशा, पूगीफल, सुवर्ण इत्यादि छोड़े ।।२०।। और पुष्प माला इत्यादि से सुशोभित कर सप्तधान्य के ऊपर सिंहासन के चारों कोनों पर और एक आगे, मध्य में रखे और ध्वजा, पताका टाँगे, पंचरंगा चँदवा बाँधे ।।२१।। और चन्दन आदि सुगन्धित द्रव्य से घर और कथा-स्थान याने मण्डप लिपवावे । शंख, भेरी, मृदंग, ताल और शहनाई इत्यादि बहुत से लोग बाजा बजावें, उत्सव मनावें ।।२२।। और नाना प्रकार मंगल आचार सज्जन लोग करें तथा सायंकाल में नियम करें । वह नियम यह है कि—एक दिन पहले सायंकाल में चिचिड़ी इत्यादि से दतुवन करे, स्नान करे, एक समय भोजन करे, जमीन पर सोवे ।।२३।। उसके बाद प्रातःकाल उठकर शौचादि नित्यक्रिया करके दिन भर निराहार रहे और सायंकाल में फिर स्नान करके शुभ

प्रातरुत्थाय मेधावी स्नात्वाऽऽवश्यकमाचरेत् । तदनुप्रतिमामेकां सुवर्णस्य शुभाकृतिम् ।।२४।।

कारयेद् वित्तमानेन स्थापयेच्च यथाविधि । पञ्चामृतैस्ततो वस्त्रयुग्मेन परिवेष्टिताम् ।।२५।।

ताम्रपात्रेषु विन्यस्य स्थापयेत् प्रतिमां शुभाम् । प्रतिष्ठां च प्रकुर्वीत स्वस्तिवाचनपूर्वकम् ।।२६।।

चन्दनेन सुगन्धेन पुष्पैः कालोद्भवैः फलैः। धूपैर्दीपैश्च नैवेद्यैस्ताम्बूलैः स-फलैः शुभैः।।२७।।

ब्राह्मणैर्बान्धवैश्चैव सहितो धर्मतत्परः। नैवेद्यं भक्तितो दद्यात् सपादं भक्ष्यमुत्तमम् ।।२८।।

रम्भाफलं घृतं क्षीरं गोधूमस्य च चूर्णकम् । अभावे शालिचूर्णं वा शर्करा च गुडं तथा ।।२९।।

आसन पर बैठकर, गणेश, कलश, नवग्रहादि का पूजन करे । इसके बाद सुवर्णमयी विष्णु की शुभ प्रतिमा अपने वित्त के अनुसार मँगावे ।।२४।। उस प्रतिमा को मध्य कलश पर या सिंहासन पर पंचामृत से स्नान कराकर दो वस्त्रों से वेष्टित करे ।।२५।। जहाँ तक हो वहाँ तक ताँबे के पात्र में रखे, स्वस्तिवाचनपूर्वक प्रतिमा की प्रतिष्ठा करे अथवा शालिग्राम की मूर्ति सिंहासन पर या मध्य कलश पर स्थापित करे ।।२६।। चन्दन, पुष्प, तुलसी, धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल, फल, यज्ञोपवीत तथा दक्षिणा इत्यादि से पूजन करे ।।२७।। ब्राह्मण, बान्धव, भाई आदि को बुलाकर धर्मतत्पर होकर भक्तिपूर्वक भगवान् को उत्तम-उत्तम पदार्थ का नैवेद्य अर्पण करे ।।२८।। नैवेद्य है—केला का फल और गौ का घी, दूध तथा गेहूँ का आटा, चीनी मिलाकर चूर्ण करना अथवा गेहूँ का आटा और चीनी न प्राप्त



सदैं प्रभु के नाम में आनन्द रहता है उसे सदानन्द कहते हैं




सपादं सर्वभक्ष्याणि चैकीकृत्य निवेदयेत् । विप्राय दक्षिणां दद्यात् कथां श्रुत्वा जनैः सह ।।३०।।

ततश्च बन्धुभिः सार्धं विप्रांश्च प्रतिभोजयेत् । प्रसादं भक्षयेद् भक्त्या नृत्य-गीतादिकं चरेत् ।।३१।।

ततश्च स्वगृहं गच्छेत् सत्यनारायणं स्मरन् । एवं कृते मनुष्याणां वाञ्छासिद्धिर्भवेद् ध्रुवम् ।। ३२।।

विशेषत :- **कलियुगे लघूपायोऽस्ति भूतले ।**

*इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथायां प्रथमोऽध्यायः।।१।।*

हो तो चावल का आटा तथा गुड़ मिलाकर चूर्ण बनावे ।।२९।। सब पदार्थ सवाई इकट्ठा करके भगवान् को अर्पण करे और ब्राह्मण का और पुस्तक का पूजन करके दक्षिणा देकर सज्जनों के सहित कथा को श्रवण करे ।।३०।। उसके बाद बन्धुजनों के सहित ब्राह्मण को भोजन करावे । प्रसाद भक्षण के बाद नाचना-गाना-बजाना और कीर्तन आदि भगवान् के आगे रात्रि भर करे ।।३१।। जब अपने-अपने घर लोग जायँ तो 'सत्यनारायण, सत्यनारायण' ऐसा कहते जायँ । हे नारद ! इस प्रकार जो मनुष्य व्रत करेंगे उनकी वांछासिद्धि निश्चय करके होगी । विशेष करके कलियुग में इससे छोटा उपाय और कोई नहीं है ।।३२।। ऐसा व्रत का माहात्म्य नारदजी से भगवान् ने कहा और शौनकादिक से सूतजी ने कहा ।

*इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्सके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथाभाषाटीकायां प्रथमोध्यायः।।१।।*



गोविन्द हरे गोपाल हरे, जय जय प्रभु दीन दयाल हरे ।
जय राम हरे जय कृष्ण हरे, जय मुरलीधर घनश्याम हरे ।।

# द्वितीयोऽध्यायः (२)

*सूत उवाच —*

**अथाऽन्यत् सम्प्रवक्ष्यामि कृतं येन पुरा द्विज । कश्चित् काशीपुरे रम्ये ह्यासीद्विप्रोऽतिनिर्धनः ।।१।।**

**क्षुत्तृड्भ्यां व्याकुलो भूत्वा नित्यं बभ्राम भूतले । दुःखितं ब्राह्मणं दृष्ट्वा भगवान् ब्राह्मणप्रियः ।।२।।**

**वृद्धब्राह्मणरूपस्तं पप्रच्छ द्विजमादरात् । किमर्थं भ्रमसे विप्र ! महीं नित्यं सुदुःखितः ।।३।।**

**तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि कथ्यतां द्विजसत्तम !।**

---

इस प्रकार व्रत का माहात्म्य और कालविधि कहकर सूतजी शौनकादि से और भगवान् नारदजी से आगे यह कहते हैं कि पहले व्रत को किसने किया था । रमणीक काशीपुरी में एक अति निर्धन शतानन्द नामक ब्राह्मण रहते थे ।।१।। वे ऐसे दरिद्र ब्राह्मण थे कि भूख-प्यास से दुःखित होकर नित्य इस पृथ्वी पर भिक्षा के लिये घूमते थे । ऐसे दुःखी ब्राह्मण को देखकर भगवान् को दया आ गयी । क्योंकि भगवान् को ब्राह्मण अति प्रिय हैं । उन्होंने देखा—

*जटिलो मुण्डो लुञ्चितकेशः काषायाम्बरबहुकृतवेशः। पश्यन्नपि न च पश्यति मूढः, उदरनिमित्तं बहुकृतवेशः ।।२।।* 

ब्राह्मण का रूप धारण करके भगवान् उस दुःखी ब्राह्मण से आदरपूर्वक पूछते हैं कि—हे ब्राह्मण ! तुम दुःखी होकर किसलिये इस पृथ्वी पर नित्य घूमते रहते हो ? ।।३।। उन सबको कहो । हे द्विजोत्तम ! हमको सुनने की



*ब्राह्मण उवाच-* **ब्राह्मणोऽतिदरिद्रोऽहं भिक्षार्थं वै भ्रमे महीम् ।।४।।**

**उपायं यदि जानासि कृपया कथय प्रभो?।**

*वृद्धब्राह्मण उवाच-* **सत्यनारायणो विष्णुर्वाञ्छितार्थफलप्रदः।।५।।**

**तस्य त्वं पूजनं विप्र ! कुरुष्व व्रतमुत्तमम् । यत्कृत्वा सर्वदुःखेभ्यो मुक्तो भवति मानवः।।६।।**

---

इच्छा है । ब्राह्मण बोले कि—हे भगवन् ! मैं तो अति दरिद्र हूँ, कुटुम्ब पालने के लिए भिक्षा माँगता हूँ । दिन भर द्वार-द्वार पर घूमता हूँ, तब भी खाने भर नहीं मिलता है, क्या कहूँ ।

*नाऽस्ति क्षुधासमं दुःखं नाऽस्ति रोगः क्षुधासमः। नाऽस्त्यादरसमं सौख्यं नाऽस्ति क्रोधसमो रिपुः।।*

*बिन माँगे देते नहीं, अतिशय भयउ कठोर । उचित न ऐसो चाहिये, पुनि-पुनि करौं निहोर ।।*

*पुनि पुनि करौं निहोर, विनय इतनी सुनि लीजै । जा में दुःख छुटि जाय, सोई अब चटपट कीजै ।।*

*सियाराम समुझाय कहत, चित तुमसो अति लागे । दिया करो झट आय हमें, निस दिन बिन माँगे ।।४।।*

सो हे महाराज ! यदि कृपा हो तो ऐसा उपाय कहिये, जिससे कि मेरी यह दरिद्रता छूट जाय । ऐसा ब्राह्मण का वचन सुनकर वृद्ध ब्राह्मण रूपधारी भगवान् ने कहा कि हे ब्राह्मण देवता ! तुम सत्यनारायण, जो विष्णु भगवान् हैं, उनका व्रत-पूजन करो । वही वांछित फल को देनेवाले हैं ।।५।। इसलिये हे ब्राह्मण देवता ! हमारे उपदेश से तुम उन्हीं का पूजन करो । जो मनुष्य इस उत्तम व्रत और पूजन को करता है वह सम्पूर्ण दुःख से छूटकर मुक्ति को प्राप्त होता है ।।६।। 

विधानं च व्रतस्यापि विप्रायाऽऽभाष्य यत्नतः। सत्यनारायणो वृद्धस्तत्रैवाऽन्तरधीयत ।।७।।
तद्व्रतं सङ्करिष्यामि यदुक्तं ब्राह्मणेन वै । इति सञ्चिन्त्य विप्रोऽसौ रात्रौ निद्रां न लब्धवान् ।।८।।
स. व्र. क. ततः प्रातः समुत्थाय सत्यनारायणव्रतम् । 'करिष्ये' इति सङ्कल्प्य भिक्षार्थमगमद् द्विजः।।९।। अ. २
तस्मिन्नेव दिने विप्रः प्रचुरं द्रव्यमाप्तवान् । तेनैव बन्धुभिः सार्धं सत्यस्य व्रतमाचरत् ।।१०।।

---

*विप्र धेनु सुर सन्त हित, लीन मनुज अवतार । निज इच्छा निर्मित तनु, माया गुण गोपाल ।।*

वृद्ध ब्राह्मण रूपी भगवान् ने ब्राह्मण से सब विधि बताकर कहे कि—

*कलियुग सम नहिं आन युग, जो नर कर विश्वास । गाइ राम गुन गन विमल, नर तर बिनहिं प्रयास ।।*
*ईप्सितं मनसः सर्वं कस्य सम्पद्यते सुखम्?। दैवाधीनं यतः सर्वं तस्मात् सन्तोषमाश्रयेत्?।।*
*गो-धन, गज-धन वाजि-धन और रतन-धन खान । जब आवै सन्तोष धन, सब धन धूरि समान ।।*

ऐसा कहकर भगवान् अन्तर्धान याने गायब हो गये ।।७।। तब ब्राह्मण देवता विचार करने लगे कि वह ब्राह्मण तो बहुत विधि कह गये, उसको कैसे हम करेंगे, दिन भर भिक्षा माँगते हैं तो भी कुटुम्ब का पालन नहीं हो सकता, उपवास ही होता है । इसी चिन्ता में रात्रि भर ब्राह्मण को निद्रा नहीं आयी ।।८।। प्रातःकाल उठकर शौचादि-नित्यक्रिया से निवृत्त होकर सन्तोषयुक्त यह संकल्प किया कि 'आज जो कुछ भिक्षा से हम पावेंगे उसी द्रव्य से सत्यनारायण प्रभु का पूजन करेंगे' ।।९।। ऐसा संकल्प करके भिक्षा के लिये जहाँ पर बहुत धनी लोग



जन्म मरण के घोर चक्र का, तब तक कभी न होता अन्त ।
जब तक मानव नहीं भजेगा श्रद्धा पूत मन से भगवन्त ।।

सर्वदुःखविनिर्मुक्तः सर्वसम्पत्समन्वितः। बभूव स द्विजश्रेष्ठो व्रतस्याऽस्य प्रभावतः।।११।।
ततः प्रभृतिकालं च मासि मासि व्रतं कृतम् । एवं नारायणस्येदं व्रतं कृत्वा द्विजोत्तमः।।१२।।
स. व्र. क. सर्वपापविनिर्मुक्तो दुर्लभं मोक्षमाप्तवान् । व्रतमस्य यदा विप्राः पृथिव्यां सञ्चरिष्यति ।।१३।। अ. २

---

रहते थे, वहाँ पर गया । भगवान् की कृपा से जाते ही एक धनी उसको बुलाकर बहुत द्रव्य दिया । ब्राह्मण देवता अति प्रसन्नतापूर्वक उसी द्रव्य से बन्धुओं को बुलाकर सत्यनारायण प्रभु का पूजन किया ।।१०।। उसी व्रत के प्रभाव से ब्राह्मण सम्पूर्ण दुःख से छूटकर सम्पूर्ण सम्पत्ति को प्राप्त किये और भगवान् सत्यदेव की कृपा से ब्राह्मण की सब जगह मान-प्रतिष्ठा होने लगी । भगवान् कहते हैं कि ऐसा लिखा है कि—

*धनेन किं यो न ददाति याचके?। बलेन किं यश्च रिपुं न बाधते? ।।*
*श्रुतेन किं ये न च धर्ममाचरेत्?। किमात्मना यो न जितेन्द्रियो भवेत् ? ।।*
*बालो वा यदि वा वृद्धो युवा वा गृहमागतः। तस्य पूजा विधातव्या सर्वस्याऽभ्यागतो गुरुः।।*
*प्राणस्य च परित्यागान्मानहानिर्गरीयसी । प्राणत्यागात् क्षणं दुःखं मानभङ्गाद्दिने दिने ।।११।।*

अब ब्राह्मण देवता बराबर हर महीने व्रत करने लगे । इस प्रकार द्विजोत्तम ने सत्यनारायण का व्रत व पूजन किया ।।१२।। इससे वह ब्राह्मण सम्पूर्ण पापों से छूटकर दुर्लभ मोक्ष को प्राप्त हुए । इस प्रकार जो मनुष्य इस पृथ्वी पर व्रत को करेंगे ।।१३।। स्वामी मन में बसे हो बसे रहना ।



हाड़ माँस का है ये मन्दिर । आप बसे हो इसके अन्दर ।। इसमें हैं खोले ये प्यारी नैन ... स्वामी मन में बसे
दास तुम्हारा तुम्हें पुकारे । हरपल नैना बाट निहारे ।। दुःख सुख में यही रहना । स्वामी मन में बसे रहना

तदैव सर्वदुःखं च मनुजस्य विनश्यति । एवं नारायणेनोक्तं नारदाय महात्मने ।।१४।।
मया तत्कथितं विप्राः किमन्यत् कथयामि ते ।।

*ऋषय उचुः-*

तस्माद्-विप्राच्छ्रुतं केन पृथिव्यां चरितं मुने !। तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामः श्रद्धाऽस्माकं प्रजायते ।।१५।।

*सूत उवाच-*

शृणुध्वं मुनयः सर्वे व्रतं येन कृतं भुवि । एकदा स द्विजवरो यथाविभवविस्तरैः ।।१६।।
बन्धुभिः स्वजनैः सार्धं व्रतं कर्तुं समुद्यतः। एतस्तिन्नन्तरे काले काष्ठक्रेता समागमत् ।।१७।।

---

वे सम्पूर्ण दुःख से छुटकारा पा मुक्ति को प्राप्त होंगे । इस प्रकार व्रत का प्रभाव भगवान् ने नारदजी से कहा ।।१४।। और सूतजी शौनकादिक ऋषियों से कहते हैं कि जो कुछ भगवन्माहात्म्य था वह कहा और क्या कहें उसे कहो ? शौनकादि ऋषि लोगों ने सूतजी से पूछा कि हे महाराज ! यह व्रत उस ब्राह्मण से किसने सुना? और किसने इस व्रत को किया? वह सम्पूर्ण वृत्तान्त हमारी सुनने की श्रद्धा है आप कृपा कर कहें ।।१५।। सूतजी शौनकादि ऋषियों का प्रश्न सुनकर, उन लोगों से कहते हैं कि हे मुनि लोग ! सुनो, ब्राह्मण से सुनकर जिसने इस पृथ्वी पर व्रत को किया, उसको कहते हैं । एक समय वही ब्राह्मण अपने ऐश्वर्य के अनुसार ।।१६।। अपने बान्धवों के सहित सत्यनारायण प्रभु का पूजन करने के लिए उद्यत हुआ । इतने में एक लकड़ी बेचने वाला लकड़हारा वहाँ आया । आकर वह बड़े आश्चर्य में पड़ गया कि ब्राह्मण की यहाँ पर






बहिः काष्ठं च संस्थाप्य विप्रस्य गृहमाययौ । तृष्णया पीडितात्मा च दृष्ट्वा विप्रं कृतं व्रतम् ।।१८।।
प्रणिपत्य द्विजं प्राह किमिदं क्रियते त्वया । कृते किं फलमाप्नोति विस्तराद् वद मे प्रभो ! ।।१९।।

*विप्र उवाच-*

सत्यनारायणस्येदं व्रतं सर्वेप्सितप्रदम् । तस्य प्रसादान्मे सर्वं धन-धान्यादिकं महत् ।।२०।।

---

एक मड़ई रही, उसको उजाड़कर किसने महल बना लिया । ऐसी चिन्ता में पड़कर वह लोगों से पूछा कि यहाँ एक ब्राह्मण की मड़ई रही वह क्या हुई? **सवैया-**

*रह्यो एक विप्र दरिद्र यहाँ, तेहि पर्णकुटी कहँ कौन उजारा? ।*
*गयो कित गेह उजारि कतौं? उर-ज्वाल सुवेगि कि स्वर्ग सिधारा? ।*
*साथहिं जात रहा नित माँगन, आय कोऊ नृप देश निसारा? ।*
*हे जनता ! बहु वेगि कृपा करि, जाइ वस्यो कहँ विप्र भिखारा ।।*

इतने में जो जनता लोग माला-बतासा लिये कथा सुनने के लिये आते थे । उन लोगों से उसको मालूम हुआ कि यही ब्राह्मण का घर है । यहाँ पर भगवान् का पूजन हो रहा है । हम लोग वहीं जा रहे हैं, ऐसा सुनकर वह भी ब्राह्मण के घर गया ।।१७।। लकड़ी का बोझा माथे पर से उतार कर बाहर चौतरे पर रखकर, ब्राह्मण के घर में गया । वह भूख-प्यास से बहुत दुःखी था, वहाँ जाकर देखा कि ब्राह्मण देवता भगवान् का पूजन कर रहे हैं ।।१८।। परन्तु ब्राह्मण से हाथ जोड़कर पूछता है कि आप किसका पूजन कर रहे हैं ? इसके करने से क्या फल प्राप्त होता है, उसको आप विस्तारपूर्वक कहिए? ।।१९।। ब्राह्मण ने लकड़हारे से कहा कि यह सत्यनारायण का

तस्मादेतत् व्रतं ज्ञात्वा काष्ठक्रेताऽतिहर्षितः। पपौ जलं प्रसादं च भुक्त्वा स नगरं ययौ ।।२१।।
सत्यनारायणं देवं मनसा इत्यचिन्तयत् । काष्ठं विक्रयतो ग्रामे प्राप्यते चाऽद्य यद्धनम् ।।२२।।
तेनैव सत्यदेवस्य करिष्ये व्रतमुत्तमम् । इति सञ्चिन्त्य मनसा काष्ठं कृत्वा तु मस्तके ।।२३।।
जगाम नगरे रम्ये धनिनां यत्र संस्थितिः। तद्दिने काष्ठमूल्यं च द्विगुणं प्राप्तवानसौ ।।२४।।
ततः प्रसन्नहृदयं सुपक्वं कदलीफलम् । शर्करा-घृत-दुग्धं च गोधूमस्य च चूर्णकम् ।।२५।।



व्रत एवं पूजन कर रहे हैं । ऐसे प्रभु हैं कि जो इच्छा करे उसको पूर्ण करनेवाले हैं । यह जो धन-धान्य मेरे पास है, यह इन्हीं की कृपा से है । हे काष्ठविक्रेता !

*शान्तितुल्यं तपो नास्ति, सन्तोषान्न परं सुखम् । न च तृष्णाऽपरो व्याधिर्न च धर्मो दयापरः।।*
*अन्तःसारविहीनानामुपदेशो न जायते । मलयाचलसंसर्गान्न वेणुश्चन्दनायते ।।२०।।*

वह ऐसा सुनकर प्रसन्न हुआ, प्रसाद खाकर, जल पीकर, नगर को चला ।।२१।। ऐसा ब्राह्मण से सत्यनारायण के व्रत का माहात्म्य सुनकर मन में प्रभु का चिन्तन करके, कहा कि—'काष्ठ के बेचने से आज मुझे जो कुछ धन मिलेगा ।।२२।। उसी द्रव्य से सत्यनारायण का पूजन करेंगे ।' ऐसा संकल्प करके काष्ठ का बोझा माथे पर रखकर चला ।।२३।। वह बोझा लेकर, जहाँ पर बहुत से धनी लोग रहते थे वहाँ पर गया । जाते ही ईश्वर की कृपा से उसको उस लकड़ी का दाम दूना मिल गया ।।२४।।



कृत्वैकत्र सपादं च गृहीत्वा स्वगृहं ययौ । ततो बन्धून् समाहूय चकार विधिना व्रतम् ।।२६।।
तद्व्रतस्य प्रभावेण धन-पुत्रान्वितोऽभवत् । इह लोके सुखं भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरं ययौ ।।२७।।



इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदेवरेवाखंडे व्रतसत्यनारायणव्रतकथायां द्वितीयोध्यायः ।।२।।

उसके बाद वह लकड़हारा प्रसन्न हृदय से पक्का-पक्का केले का फल, शर्करा, घृत, दुग्ध, गेहूँ का आटा सब इकट्ठा किया ।।२५।। लकड़हारा सामान इकट्ठा करके अपने घर को गया और भाई-बन्धुओं को व ब्राह्मण को बुलाकर विधिपूर्वक सत्यनारायण का व्रत व पूजन किया ।।२६।। उस व्रत के प्रभाव से लकड़हारा को भी धन-पुत्र सब पूरा हुआ । भगवान् नारदजी से कहते हैं कि व्रत तथा पूजन करने वाले—

*जीवत सकल जनम फल पाये । अनत अमरपति सदन सिधाये ।।*

ऐसा तुलसीकृतरामायण में वशिष्ठजी ने भरत से कहा है ।।२७।।

इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्युनारायणव्रतकथा-भाषाटीकायां द्वितीयोध्यायः।।२।।

राधे बरसाने वारी, तेरा पुजारी है बनवारी
राधे-राधे —1 ---1 ---1
मुझे मेरे मालिक बहुत कुछ दिया है -1, तेरा शुक्रिया है -3
ये जायदाद दी है, ये औलाद दी है । मुसीबत में हर वक्त मदद की है ।
तेरा ही दिया मैंने खाया पिया है, तेरा शुक्रिया है - 2

मैं हूँ शरण में तेरी, संसार के रचैया,
कश्ती मेरी लगादो, उस पार ओ कन्हैया ...
मेरी अरदास सुन लीजे,
प्रभु सुध आन कर लीजे,
दरस एक बार तो दीजे,
मैं समझूंगा श्याम रीझे ।।
पतवार थाम लो तुम,
मझदार में है नैया ---
मैं हूँ शरण में तेरी ---

श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारे, हे नाथ नारायण वासुदेव ।

# तृतीयोध्यायः (३)

*सूत उवाच–*


**पुनरग्रे प्रवक्ष्यामि शृणुध्वं मुनिसत्तमाः। पुरा चोल्कामुखो नाम नृपश्चाऽऽसीन्महामतिः।।१।।** 

**जितेन्द्रियः सत्यवादी ययौ देवालयं प्रति । दिने दिने धनं दत्वा द्विजान् सन्तोषयत् सुधीः।।२।।**

**भार्या तस्य प्रमुग्धा च सरोजवन्दना सती । भद्रशीलानदीतीरे सत्यस्य व्रमाचरत् ।।३।।**

**एतस्मिन्नन्तरे तत्र साधुरेकः समागतः। वाणिज्यार्थं बहुधनैरनेकैः परिवारितः।।४।।**

सूतजी महाराज शौनकादि से कहते हैं और भगवान् नारदजी से कहते हैं कि ब्राह्मण व लकड़हारा ने जो किया वह कथा आप लोगों से कह चुके । आगे और जिसने व्रत किया है वह हे मुनिसत्तम ! सुनो, हम कहते हैं । एक नगर में उल्कामुख नाम करके राजा था ।।१।। वह कैसा राजा था कि सब इन्द्रियों को बस में कर रखा था, और सच्चा बोलनेवाला और देवता के मन्दिर में नित्य जानेवाला था, वह नित्य देवालय में जाकर इतना धन दान करता जिससे बहुत से ब्राह्मणों को सन्तोष हो जाता था ।।२।। ऐसा जो उल्कामुख राजा उसकी स्त्री सो युवावस्था और कमल ऐसा वदन है जिसका और पतिव्रता, कैसी पतिव्रता कि—

*एकै धर्म एक व्रत नेमा । काय वचन मन पति पद प्रेमा ।।*

ऐसी पतिव्रता थी, एक दिन वह भद्रशीला नदी के तट पर राजा के सहित व्रत को करती थी ।।३।।



हर किसी को अपने बड़ों की गुरु, पिता, माता, नाना, दादी, सास की बात माननी चाहिए यही सनातन संस्कार है वही घर सदा सुखी रहते हैं

**नावं संस्थाप्य तत्तीरे जगाम नृपतिं प्रति । दृष्ट्वा स व्रतिनं भूपं पप्रच्छ विनयान्वितः।।५।।**

*साधुरुवाच–*


**किमिदं कुरुषे राजन् ! भक्तियुक्तेन चेतसा ? । प्रकाशं कुरु तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि साम्प्रतम् ।।६।।** 

*राजोवाच–*

**पूजनं क्रियते साधो ! विष्णोरतुलतेजसः। व्रतं च स्वजनैः सार्द्धं पुत्राद्यावाप्तिकाम्यया ।।७।।**

इसी के अनन्तर एक साधु नाम का बनिया व्यापार के लिए जवाहिरात इत्यादि नाव पर लादकर चला। जहाँ पर कि राजा भगवान् का पूजन करता रहा ।।४।। नाव को तीर में स्थापित (यानी खड़ी) करके, साधु नाम बनिया राजा के समीप गया, वह देखा कि राजा अपनी स्त्री के साथ सत्यनारायण का पूजन कर रहा है । बनिया राजा से विनयपूर्वक पूछता है कि—।।५।। हे राजन् ! आप भक्तियुक्त होकर पत्नी के सहित किसका पूजन और किस कार्य के लिए कर रहे हैं ? यह सम्पूर्ण आप कहिये, हमको सुनने की इच्छा है ।।६।। राजा बोले कि—हे साधु ! हम विष्णु भगवान् का पूजन कर रहे हैं । कैसे हैं प्रभु, जिनका अतुल तेज है, सो हे साधु ! यह व्रत हम स्वजन के सहित इसलिए कर रहे हैं कि राज्य इत्यादि सब है, परन्तु पुत्र नहीं है, बिना पुत्र गृह और धन की शोभा और मुक्ति नहीं है । इसलिए मैं एक पुत्रकामना के वास्ते पूजन करता हूँ । वह कैसे हैं भगवान् कि— सन्त दरश को चालिए तजि माया अभिमान, जो-जो पग आगे धरे कोटिन यज्ञ समान



अंहकार में तीन जाय बल बुद्धि और वंश, ना मानो तो देख लो रावण, कौरव, कंस ।।

**भूपस्य वचनं श्रुत्वा साधुः प्रोवाच सादरम् । सर्वं कथय मे राजन् ! करिष्येऽहं तवोदितम् ।।८।।**
**ममाऽपि सन्ततिर्नास्ति ह्येतस्माज्जायते ध्रुवम् । ततो निवृत्त्य वाणिज्यात् सानन्दो गृहमागतः ।।९।।**
**भार्यायै कथितं सर्वं व्रतं सन्ततिदायकम् । तदा व्रतं करिष्यामि यदा मे सन्ततिर्भवेत् ।।१०।।**

---

*सवैया–*

*जग वैष्णव जाहि को विष्णु कहैं, सब शैव जिन्हें शिव मान अराधैं । शाक्त कहैं जिनको दुरगा, सब वैदिक वेद की मूर्ति सुसाधैं । पुराण के जाननहार जिन्हें, अवतार कहैं प्रकृति संग आधैं । सोइ नित्य सुदेवहिं पूजत हौं, जिन नाम लिये हटते सब बाधैं ।।*

*दोहा–*

*यह व्रत के परताप से वंशहीन सुत पाय । निर्धन धन सम पावहिं, रंक राव हो जाय ।।७।।*

साधु बनिया राजा का वचन सुनकर आदरपूर्वक बोला कि हे राजन् ! सम्पूर्ण विधि कहिये, मैं भी इस व्रत को करूँगा ।।८।। क्योंकि मेरे भी कोई सन्तति नहीं है । इसलिए मैं निश्चय करके इस व्रत को करूँगा, ऐसा सुनकर राजा ने बनिया को सब विधि, जैसा कि पहले कह आये हैं, उसी प्रकार बताया । वह बनिया राजा से विधि सुनकर अपने रोजगार से निवृत्त होकर आनन्दपूर्वक होकर अपने घर आया ।।९।। घर पर आकर बनिया अपनी स्त्री से कहा कि हे प्रिये ! इस यात्रा में उल्कामुख राजा से एक व्रत सुन आया हूँ, जो कि पुत्र को देने वाला है, ऐसा सुनकर लीलावती ने कहा कि मैं इस व्रत को जरूर करूँगी, क्योंकि— ***न पुत्रात् परमो लाभो न भार्यायाः परं सुखम् । न सुधर्मात् परं मित्रं नाऽनृतात्पातकं परम् ।।*** ऐसा नीति में कहा है, पुत्र होना तो अच्छा ही है परन्तु मुझे पुत्री भी हो तो बाँझ का नाम तो छूट जाता, इसलिए हे स्वामी ! प्रातःकाल होते ही इस व्रत को





**इति लीलावतीं प्राह पत्नीं साधुः स-सत्तमः । एकस्मिन् दिवसे तस्य भार्या लीलावती सती ।।११।।**
**भर्तृयुक्ताऽऽनन्दचित्ताऽभवद्धर्मपरायणा । गर्भिणी साऽभवत्तस्य भार्या सत्यप्रसादतः ।।१२।।**
**दशमे मासि वै तस्याः कन्यारत्नमजायत । दिने दिने सा ववृधे शुक्लपक्षे यथा शशी ।।१३।।**

---

मैं करूँगी और आप भी नियम के साथ व्रत रहियेगा । साधु नाम बनिया ने कहा कि हे प्रिये ! धन बहुत कष्ट से मिलता है, अभी खरचने का काम नहीं है । जब हमको सन्तति होगी तब व्रत को करेंगे ।।१०।। लीलावती ने कहा कि क्या पुत्ररत्न से बढ़कर द्रव्य है? तो वैश्य ने कहा कि— सुनो हे प्रिये !

*टका धर्म टका कर्म टका ही परमं तपः । यस्य गेहे टका नास्ति, हा टका टकटकायते ।।*

*कवित्त–*

*द्रव्य बिनु माता निज नाता तजि पुत्र बेचैं, द्रव्य बिनु नातेदार नाता न लगावे हैं । द्रव्य बिनु मित्र सब प्रीति की रीति तजैं, द्रव्य बिनु नारी निज पति हूँ भुलावै हैं ।। द्रव्य बिनु भव्यरूप चमकत ना सभा मध्य, द्रव्य बिनु देश ते विदेश नर जावै हैं । कहाँ लौं कहौं काज एकौ चले नहीं, ऐसे द्रव्य व्रत माँहि प्रिये ! क्यों लगावै हैं ।।*

ऐसा वचन पति का सुनकर पतिव्रता स्त्री चुप हो गयी ।।११।। और पतियुक्त आनन्दचित्त धर्मपारायण हुई तथा भगवान् सत्यदेव के प्रसाद से उसे गर्भ धारण हुआ ।।१२।। दस मास पूरा होने पर एक कन्या उत्पन्न हुई, वह कैसी कन्या उत्पन्न हुई कि रत्नस्वरूप (याने लक्ष्मीस्वरूप) और दिन-प्रतिदिन जैसे शुक्लपक्ष के चन्द्रमा कला-कला से नित्य-प्रति बढ़ते हैं वैसे ही वह कन्या बढ़ने लगी ।।१३।। बनिया ने उसका नामकरण करने के लिए



प्रातः काल उठिके रघुनाथा, मात पिता गुरु नाइव माथा । बच्चों संस्कार के चाहिए

नाम्ना कलावती चेति तन्नामकरणं कृतम् । ततो लीलावती प्राह स्वामिनं मधुरं वचः ।।१४।।
न करोषि किमर्थं वै पुरा सङ्कल्पितं व्रतम् ? ।

साधुरुवाच- विवाहसमये त्वस्याः करिष्यामि व्रतं प्रिये ! ।।१५।।

इति भार्यां समाश्वास्य जगाम नगरं प्रति । ततः कलावती कन्या ववृधे पितृवेश्मनि ।।१६।।

दृष्ट्वा कन्यां ततः साधुर्नगरे सखिभिः सह । मन्त्रयित्वा द्रुतं दूतं प्रेषयामास धर्मवित् ।।१७।।

पण्डित लोगों को बुलाया, पण्डित लोगों ने नित्यप्रति कला-कला बढ़ने से उसका कलावती नाम रखा । तब लीलावती ने मधुर वचन में अपने पतिदेव से कहा ।।१४।। कि जो आपने पहले सङ्कल्प किया था कि हमको कोई सन्तति होगी तो हम इस व्रत को करेंगे वह न करोगे? साधु नाम बनिया बोला कि हे प्रिये ! अब इस व्रत को हम विवाह के समय में करेंगे, क्योंकि इस समय बरही-छठी इत्यादि में बहुत खर्च हो चुका है ।।१५।। ऐसा अपनी पत्नी से कहकर नगर में घूमने चला गया और कलावती कन्या भगवान् की कृपा से प्रतिदिन कला-कला बढ़ने लगी और थोड़े ही दिन में पिता के घर में सयानी हो गयी ।।१६।। तब पिता ने एक दिन अपनी सहेलियों के संग नगर में कलावती को घूमते हुए देखा, तो यह विचार किया कि यह कन्या विवाह के योग्य हो गई है । इसलिए दूत लोगों को व ब्राह्मण तथा हजाम आदि को बुलाकर कहा कि इस कन्या के लिए अच्छा सुन्दर श्रेष्ठ बालक विचार





विवाहार्थं च कन्याया वरं श्रेष्ठं विचारय । तेनाऽऽज्ञप्तश्च दूतोऽसौ काञ्चनं नगरं ययौ ।।१८।।

तस्मादेकं वणिक्पुत्रं समादाय गतो हि सः । दृष्ट्वा तु सुन्दरं बाल वणिक्पुत्रं गुणान्वितम् ।।१९।।

ज्ञातिभिर्बन्धुभिः सार्द्धं परितुष्टेन चेतसा । दत्तवान् साधुः पुत्राय कन्यां विधि-विधानतः ।।२०।।

ततो भाग्यवशात्तेन विस्मृतं व्रतमुत्तमम् । विवाहसमये तस्यास्तेन रुष्टोऽभवत्प्रभुः ।।२१।।

कर ले आवो (विचारने का भाव यह है कि पढ़ा-लिखा, रोजगारी, घर का सुचित, दरिद्र न हो, जाति में कुलीन हो और हमारे घर पर रहे) ऐसा वचन साधु वैश्य का सुनकर दूत लोग कांचन नगर को गये ।।१७-१८।। वहाँ पर दूत लोगों ने देखा कि एक बनिया का लड़का घर का बहुत सुचित था और सुन्दर पढ़ा-लिखा महाजनी इत्यादि में पक्का ।।१९।। और जाति-भाई में कुलीन, अच्छा श्रेष्ठ ऐसा विचार कर दूत लोग उस बालक को बनिया के पास ले आये और बनिया से दूत लोगों ने कहा कि यह बालक हम लोग लें आये हैं । बनिया ने कहा कि कहाँ से लाये? और क्या पढ़ा है? दूत लोगों ने कहा कि हे वैश्य ! सुनिये, इस बालक में जितने गुण हैं उनको मैं कहता हूँ ।

**सवैया-**

*कुल उत्तम सील समेत सनाथ, धनी वय कोमल एक कुमारा । उरदू अरु नागरि औ' कोठिवाल, पढ्यौ सब वेद पुराण की धारा ।। क्रय-विक्रय की सब जानत रीति, अहै अतिसुन्दर घूंघरवारा।। अनुशासन पाय बुलावउँ मैं, अब कीजिये नाथ विवाह विचारा ।।*

ऐसा सुनकर दूतों की बात से बनिया अपनी कलावती कन्या का विवाह उस बालक के साथ जैसा वेद में विधि लिखा है उसी रीति से कर दिया ।।२०।। उसके बाद भाग्यवश प्रभुजी का जो उत्तम व्रत था उसके भूल गया । तब



हरि व्यापक सर्वत्र समाना प्रेम ते प्रगट होहिं मैं जाना।

ततः कालेन नियतो निजकर्म-विशारदः। वाणिज्यार्थं ततः शीघ्रं जामातृसहितो वणिक् ।।२२।।

रत्नसारपुरे रम्ये गत्वा सिन्धुसमीपतः। वाणिज्यमकरोत् साधुर्जामात्रा श्रीमता सह ।।२३।।

तौ गतौ नगरे रम्ये चन्द्रकेतोर्नृपस्य च । एकस्मिन्नेव काले तु सत्यनारायणः प्रभुः।।२४।।

भ्रष्टप्रतिज्ञामालोक्य शापं तस्मै प्रदत्तवान् । दारुणं कठिनं चाऽस्य महद्दुःखं भविष्यति ।।२५।।

एकस्मिन् दिवसे राज्ञो धनमादाय तस्करः। तत्रैव चाऽऽगतश्चौरो वणिजौ यत्र संस्थितौ ।।२६।।

---

भगवान् ने विचार किया कि देखो इस बनिये का, इसने कहा कि हमको सन्तति होगी तब व्रत को करेंगे। अब सन्तति हुई तब कहा कि विवाह के समय में करेंगे। जब विवाह हो गया तब भी नहीं किया। तब प्रभु उसको झूठा समझकर उस पर रुष्ट हो गये ।।२१।। और बनिया ने उसी समय निश्चित किया कि बहुत खर्च हो गया है अतः रोजगार को चलाना चाहिये, ऐसा विचार कर दामाद को संग लेकर शीघ्र चला ।।२२।। वहाँ से चलकर वह रत्नसारपुर नामक नगर में पहुँचा। सिन्धु के समीप नाव को खड़ीकर दामाद और आप दुकान लगाकर वाणिज्य कर्म करने लगे ।।२३।। वह चन्द्रकेतु राजा का नगर था, जहाँ दोनों बनिया रोजगार कर रहे थे। इसके पश्चात् उसी समय सत्यनारायण प्रभु ।।२४।। भ्रष्टप्रतिज्ञा वणिक् को देखकर शाप देते हुए कहा कि 'हे वणिक्! तुमको कठिन से कठिन महादुःख प्राप्त हो ।।२५।। यह लोभ का फल है, कृपणता करने से यही फल मिलता है।



तत्पश्चाद्धावकान् दूतान् दृष्ट्वा भीतेन चेतसा । धनं संस्थाप्य तत्रैव स तु शीघ्रमलक्षितः।।२७।।

ततो दूताः समायता यत्राऽऽस्ते सज्जनो वणिक् । दृष्ट्वा नृपधनं तत्र बद्ध्वा नीतौ वणिक्सुतौ ।।२८।।

हर्षेण धावमानाश्च ऊचुर्नृपसमीपतः। तस्करौ द्वौ समानीतौ विलोक्याऽऽज्ञापय प्रभो ।।२९।।

राज्ञाऽऽज्ञप्तस्ततः शीघ्रं दृढं बद्ध्वा तु तावुभौ । स्थापितौ द्वौ महादुर्गे कारागारे विचारतः।।३०।।

---

*लोभात् क्रोधः प्रभवति, लोभात् कामः प्रजायते । लोभान्मोहश्च नाशश्च लोभः पापस्य कारणम् ।।*

*माखी बैठी सहत पर चारों पैर गड़ाय । गड़ते-गड़ते धंस गयी लालच बुरी बलाय ।।*

भगवान् ने शाप देकर यह उपाय किया कि एक दिन राजा के यहाँ मायारूपी दो चोर राजा का धन चुराकर ले चले। जब फाटक पर आये तो सिपाहियों ने देखा कि हमारे पहरे में चोरी हो गई और चोर लोग धन लेकर जहाँ पर दोनों बनिया थे वहाँ पर जाते हैं ।।२६।। उन्हीं के पीछे दूत लोग भी पकड़ने के लिए दौड़े, जहाँ पर दोनों बनिया थे वहाँ गये। इतने में ही वह जो मायावी चोर थे वह धन को बनिया के पास पटक कर गायब हो गये ।।२७।। वहाँ पर जब दूत दोनों बनिया के पास पहुँचे तो देखा कि राजा का धन रखा हुआ है। इसलिये दोनों बनियों को बाँधकर ले चले ।।२८।। राजा के सामने प्रसन्नतापूर्वक ले जाकर कहा कि हे राजन्! यही दोनों चोर हैं, जो आपका धन चुराकर ले जाते रहे, इन्हें हम धर कर ले आये हैं। इनके लिए क्या आज्ञा होती है ? ।।२९।। राजा ने कहा कि दोनों को खूब मजबूती से बाँधकर महादुर्ग कठिन जो कारागार जेलखाना है उसमें बन्द कर दो ।।३०।।

चाहे लाख करो चतुराई-1 कर्म का लेख मिटे ना भाई ।। दुःख में सुमिरन सब करें सुख में सुमिरन करे न कोई, जो सुख में सुमिरन सब करें तो काहे को दुःख होय ।।

मायया सत्यदेवस्य न श्रुतं कैस्तयोर्वचः। अतस्तयोर्धनं राज्ञा गृहीतं चन्द्रकेतुना ।।३१।।

तच्छापाच्च तयोर्गेहे भार्या चैवाऽतिदुःखिता । चौरेणाऽपहृतं सर्वं गृहे यच्च स्थितं धनम् ।।३२।।





सत्यदेव की ऐसी माया कि साधु नाम बनिया ने राजा से कहा कि—हे राजन् !

**सवैया**

*चोरी का नामहुँ जनत नाहिं, नहीं हम चोर, न चोर के भाई । हौं बनिया करते क्रय-विक्रय, बाँधि हमैं इन लायउ आई ।।*

*कहिए हम शपथ करैं हरि की, कहिए हम लोह तपाय उठाई । लिखि लीजिए मोर बयान सबै, अब कीजिए मोर तुरन्त रिहाई ।।*

इसलिए हम चोर नहीं हैं, व्यापारी हैं, व्यापार के वास्ते बहुत-सा जवाहिरात लेकर आये हैं, राजा ने कुछ न सुना कहा कि चोर अपने से कभी चोर बनते हैं, और तुमको तो इतने ही में समझना चाहिए कि माल तुम्हारे पास बरामद है और तुम कहते हो कि हम चोर नहीं हैं । ऐसा कहकर राजा ने बनिया का जितना माल था वह सब अपने खजाने में रखवा दिया और उन लोगों को कैद कर दिया । तुलसी दास ने भी कहा है कि—

*राम विमुख सम्पत्ति प्रभुताई । जाइ रही पाई बिनु पाई ।।*

*तात मात सब करहिं पुकारा । यहि अवसर को हमहिं उबारा ।।*

ऐसा कहकर बनिया रोदन करने लगा । प्रभु के विमुख होने से यही दशा होती है ।।३१।। और उसी के साथ यहाँ बनिया के घर पर यह दशा हुई कि बनिया की स्त्री तथा पुत्री महान् दुःख को प्राप्त हुईं ऐसा क्या दुःख प्राप्त हुआ कि जितना धन-धान्य था वह सब चोर चुरा ले गये । नीति में ऐसा कहा गया है कि—



हानि, लाभ, जीवन, मरण, यश, अपयश, सुख, दुःख, ये सब भगवान अपने पास विधाता ने हाथ ले रखी है। तुम्हारे वस में नहीं है।

काहु [illegible] कहा न ओही । राखि को सकइ राम कर दोही ॥
[illegible] जब सम्र दोऊ होई । ईश कृपा नर तन लहै सोई ॥

आधि-व्याधि-समायुक्ता क्षुत्पिपासाऽतिदुःखिता । अन्नचिन्तापरा भूत्वा बभ्राम च गृहे-गृहे ।।३३।।

एकस्मिन् दिवसे जाता क्षुधार्ता द्विजमन्दिरम् । गत्वाऽपश्यद् व्रतं तत्र सत्यनारायणस्य च ।।३४।।

उपविश्य कथां श्रुत्वा वरं पार्थितवत्यपि । प्रसादभक्षणं कृत्वा ययौ रात्रौ गृहं प्रति ।।३५।।

माता कलावती कन्यां कथयामास प्रेमतः। पुत्रि ! रात्रौ स्थिता कुत्र ? किं ते मनसि वर्तते ।।३६।।





*न देवाय न धर्माय बन्धुभ्यो न चाऽर्थिने । दुर्जनेनाऽर्जितं द्रव्यं भुज्यते राज-तस्करैः ।।३२।।*

मानसिक पीड़ा, परकृत्य जन्य पीड़ा, दैवजन्य पीड़ा, फोड़ा-फुन्सी, बुखार, खाँसी इत्यादि अनेक प्रकार की व्याधि लग गई । खाने-पीने बिना मरने लगी, यहाँ तक हुआ कि अन्न की चिन्ता से घर-घर भिक्षा माँगने लगीं और कहने लगीं कि—

**सवैया–**

*सब ही धन चोर चुरा ले गये, नहिं छोड़ गये घर एकौ दाना । अब अन्न कहाँ मिलिहैं हमको, घरमाँ नहिं कोउ अहैं मरदाना ।*

*किससे तहँ हाल पठाइब मैं, बिनु खर्च लिये कस जाहि सयाना । नहि पाउब भीखिउ माँगब जौं, अब कौन उपाय करौं भगवाना ।।३३।।*

एक दिन कलावती कन्या क्षुधा से पीड़ित होकर भिक्षा के वास्ते किसी ब्राह्मण के घर चली गई, वहाँ पर देखा कि सत्यनारायण भगवान् का पूजन और कथा हो रही है ।।३४।। वहाँ पर बैठ गई, कथा सुनी और भगवान् से बहुत प्रार्थना की, बाद वहाँ पर प्रसाद खाकर माता के वास्ते प्रसाद लेकर रात्रि में घर गई ।।३५।। माता क्रोधित होकर कहने लगी कि हे पुत्री ! इतनी रात्रि हो गई तुम किसके प्रेम में कहाँ रह गई ! तुम्हारे मन में क्या है ! देखो, नीति में लिखा है कि—ब्राह्मण, साधु, राजा यह जो हैं वे घूमने से पूजे जाते हैं और स्त्री घूमने से नष्ट हो जाती हैं ।।३६।।

क्या भरोसा है इस जिन्दगी का, साथ देती नहीं किसी का।
साँसों का क्या भरोसा, रुक जाए चलते-। जीवन की है जो ज्योति बुझ जाए चलते चलते।
जीवन है चार दिनों का दो दिन की जिन्दगानी, आयेगा बुढ़ापा थक जाये चलते-। .. साँसों का क्या भरोसा

कन्या कलावती प्राह मातरं प्रति सत्त्वरम् । द्विजालये व्रतं मात दृष्टं वाञ्छितसिद्धिदम् ।।३७।।

तच्छ्रुत्वा कन्यकावाक्यं व्रतं कर्तुं समुद्यता । सा मुदा तु वणिग्भार्या सत्यनारायणस्य च ।।३८।।

स. व्र. क. व्रतं चक्रे सैव साध्वी बन्धुभिः स्वजनैः सह । भर्तृजामातरौ क्षिप्रमागच्छेतां स्वमाश्रमम् ।।३९।। अ. ३

अपराधं च मे भर्तुर्जामातुः क्षन्तुमर्हसि । व्रतेनाऽनेन तुष्टोऽसौ सत्यनारायणः पुनः।।४०।।

---

कन्या कलावती माता से सत्य वचन कही कि हे माता ! मैं एक ब्राह्मण के घर भिक्षा के लिए गई थी, वहाँ सत्यनारायण भगवान् का पूजन हो रहा था । वहाँ पर बैठकर प्रभु का गुणानुवाद सुना, जिसके पूजन से दुःख छूट जाता है और पिता इत्यादि शीघ्र घर आ जायेंगे, तो हे माता ! कल व्रत को करो, यह वांछित-सिद्धि को देने वाले हैं ।।३७।। ऐसी कन्या की बातें सुनकर सबेरे व्रत की तैयारी हुई और अपनी कन्या से कही कि तुम भगवान् के पूजन की सामग्री जुटाओ, आज व्रत को करेंगे ।।३८।। बन्धु, भाई तथा ब्राह्मण को बुलाकर व्रत की, और प्रभु से प्रार्थना की कि, हे प्रभु ! हमारे पति व दामाद शीघ्र अपने घर को आ जायेंगे तो आपका हम फिर पूजन करेंगे ।

**सवैया–**

*विहीन वो तन्त्र-विहीन, क्रिया से विहीन भयो कुछ जोई । भक्ति-विहीन हुआ कछु जो, तब पूजन के विधि में प्रभु सोई ।।*
*छमिहौं सब आपनि ओरि निहारि, कृपा करिये अब जानि व्रतोई ।। आवहिं वेगि घरे पति तात, सुदीजिये ये वरदान सदोई ।।*

कन्या कलावती ऐसी प्रार्थना की ।।३९।। और लीलावती प्रार्थना की कि, हमारे पति और दामाद से जो कुछ अपराध हुआ हो तो वह क्षमा कीजिये । ऐसी प्रार्थनायुक्त लीलावती के व्रत करने से भगवान् प्रसन्न हो गये ।।४०।। और



जय राधा माधव, जय हो कुन्ज बिहारी ॥

दर्शयामास स्वप्नं हि चन्द्रकेतुं नृपोत्तमम् । वन्दितौ मोचय प्रातर्वणिजौ नृपसत्तम ! ।।४१।।

देयं धनं च तत्सर्वं गृहीतं यत्त्वयाऽधुना । नो चेत्त्वां नाशयिष्यामि स-राज्यधन-पुत्रकम् ।।४२।।

स. व्र. क. एवमाभाष्य राजानं ध्यानगम्योऽभवत् प्रभुः। ततः प्रभातसमये राजा च स्वजनैः सह ।।४३।। अ. ३

उपविश्य सभामध्ये प्राह स्वप्नं जनं प्रति । बद्धौ महाजनौ शीघ्रं मोचय द्वौ वणिक्सुतौ ।।४४।।

इति राज्ञो वचः श्रुत्वा मोचयित्वा महाजनौ । समानीय नृपस्याऽग्रे प्राहुस्ते विनयान्विताः।।४५।।

आनीतौ द्वौ वाणिक्पुत्रौ मुक्तौ निगडबन्धनात् । ततो महाजनौ नत्वा चन्द्रकेतुं नृपोत्तमम् ।।४६।।

---

सत्यनारायण प्रभु चन्द्रकेतु राजा को स्वप्न दिये कि हे राजन् ! प्रातःकाल उन दोनों बनियों को बन्दीखाने से छोड़ देना ।।४१।। और जो कुछ उन लोगों का धन ले लिया है, उसे दूना करके दे देना, यदि ऐसा न करोगे तो राज्य सहित धन, पुत्र का नाश कर दूँगा' ।।४२।। ऐसा स्वप्न राजा को दिखाकर भगवान् सत्यनारायण प्रभु गायब हो गये । इसके बाद राजा प्रातःकाल उठकर अपने स्वजनों के सहित ।।४३।। सभा में जाकर बैठे और रात्रि का स्वप्न जो था, उसे मन्त्रियों व पण्डितों से सभा के मध्य में कहा । सब लोगों ने राजा से कहा कि, हे राजन् ! यह स्वप्न ठीक है, ऐसा ही करना चाहिए । इसके बाद दूतों को बुलाकर राजा ने कहा कि, जो दोनों महाजन बनिया के पुत्र बँधे हैं, उन्हें शीघ्र छोड़ देना चाहिये ।।४४।। ऐसी राजा की आज्ञा पाते ही दूत लोग जेलखाने से दोनों को निकालकर राजा के सामने ले आये और विनयपूर्वक दूत लोग कहते हैं ।।४५।। कि हे राजन् ! जेल से छोड़कर दोनों बन्दियों को ले आये हैं । इसके बाद दोनों बन्दियों ने राजा चन्द्रकेतु को दण्डवत् किया ।।४६।। और दोनों

स्मरन्तौ पूर्ववृत्तान्तं नोचतुभयविह्वलौ । राजा वणिक्सुतौ वीक्ष्य वचः प्रोवाच सादरम् ।।४७।।

दैवात् प्राप्तं महद्दुःखमिदानीं नास्ति वै भयम् । तदा निगडसंत्यागं क्षौरकर्माद्यकारयत् ।।४८।।

 

वस्त्रालङ्कारकं दत्त्वा परितोष्य नृपश्च तौ । पुरस्कृत्य वणिक्पुत्रौ वचसाऽतोषयद्भृशम् ।।४९।।

पुरानीतं तु यद् द्रव्यं द्विगुणीकृत्य दत्तवान् । प्रोवाच च ततो राजा गच्छ साधो ! निजाश्रमम् ।।५०।।

राजानं प्रणिपत्याऽऽह गन्तव्यं त्वत्प्रसादतः ।।५१।।

*इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथायां तृतीयोध्याय:।।३।।*

---

बनिया अपना पूर्व वृत्तान्त समझकर भय के मारे कुछ बोले नहीं । तब राजा ने दोनों बनियों की तरफ देखकर आदर पूर्वक कहा ।।४७।। कि जो कुछ तुमको दुःख प्राप्त हुआ है, वह दैव करके, हमारे करके नहीं । अब तुम लोग डरो मत । इस समय कोई भय नहीं है, ऐसा कहकर राजा ने उन लोगों की हथकड़ी कटवा कर बाल बनवाने का आदेश देकर बाल बनवाया ।।४८।। और वस्त्र, गहना आदि उन लोगों को पहना कर मीठे-मीठे वचन से राजा ने उन लोगों को सन्तोष दिया ।।४९।। और पहले का जो धन लिया रहा, उसका दूना करके दिया और राजा ने कहा कि हे साधु ! तुम अपने घर जाओ ।।५०।। ऐसा राजा का वचन सुनकर दोनों वैश्यों ने राजा को हाथ जोड़कर कहे कि—हे राजन् ! आपकी आज्ञा हुई है तो आपके प्रसाद से घर को जाते हैं ।।५१।।



*इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदेवरेवाखंडे सत्यनारायणव्रतकथा-भाषाटीकायां तृतीयोऽध्याय:।।३।।*

पकड़ लो हाथ बनवारी, नहीं तो डूब जायेंगे, हमारा कुछ ना बिगड़ेगा, तुम्हारी लाज जायेगी। पकड़ लो ----

तुम्हारे ही भरोसे पूर जमाना छोड़ बैठे हैं। जमाने की तरफ देखो, इसे कैसे निभायेंगे। पकड़ लो हाथ

जय जय राधा रमण हरि बोल

मन तेरा बोले राधेकृष्णा, तन तेरा बोले राधेकृष्णा,

जिह्वा तेरी बोले राधे कृष्ण मुख से निकले राधेकृष्णा, जय जय राधा रमण हरिबोल, जय राधा रमण हरि बोल

## चतुर्थोऽध्यायः (४)

यात्रां तु कृतवान् साधुर्मङ्गलायनपूर्विकाम् । ब्राह्मणाय धनं दत्त्वा तदा तु नगरं ययौ ।।१।।

 

कियद् दूरे गते साधौ सत्यनारायणः प्रभुः। जिज्ञासां कृतवान् साधो ! किमस्ति तव नौस्थितम् ।।२।।

ततो महाजनौ मत्तो हेलया च प्रहस्य वै । कथं पृच्छसि भो दण्डिन् ! मुद्रा नेतुं किमिच्छसि ।।३।।

लता-पत्रादिकं चैव वर्त्तते तरणौ मम । निष्ठुरं च वचः श्रुत्वा सत्यं भवतु ते वचः।।४।।

---

जा पर कृपा राम की होई ता पर कृपा करें सब कोई।

सूतजी शौनकादि से कहते हैं कि, हे ऋषियों ! वह साधु वैश्य यात्रा के पहले ब्राह्मणों को दक्षिणा देकर मंगलपूर्वक अपने नगर को चले ।।१।। जब कुछ दूर पर गये तब भगवान् ने विचार किया कि देखें इनका मन शुद्ध हुआ कि नहीं, इसलिए दण्डी स्वामी का रूप धारण करके बनिया से पूछा कि तुम्हारे नाव में क्या है ? ।।२।। तब धन के मद से उन्मत्त वे दोनों वैश्य संन्यासी से कहने लगे कि आप क्यों पूछते हैं? आपको इस दुनिया के प्रपंच से क्या मतलब है? आपको द्रव्य लेने की इच्छा है क्या? तो इस नाव में कुछ नहीं है, फिर आप तो संन्यासी हैं, आपको अग्नि और द्रव्य इत्यादि का स्पर्श भी शास्त्र से मना है ।।३।।

*दोहा—* *'बदल भेष दण्डी गये, नाव बीच क्या अस्त । मुद्रा की इच्छा तुम्हें, कहें महाजन मस्त ।।*
*घाटा फिरता माल है, क्या पूछत हो बात? बनिया की यह नाव है, धनियादिक तेजपात ।।"*



होइहि सोइ जो राम रचि राखा, को करि तर्क बढ़ावै साखा।
मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदशरथ अजिर बिहारी॥
नासै रोग हरै सब पीरा। जो सुमिरै हनुमत बलबीरा॥

दीन दयाल बिरद संभारी
हरहु नाथ मम संकट भारी॥

एवमुक्तो गतः शीघ्रं दण्डी तस्य समीपतः। कियद्दूरे ततो गत्वा स्थितः सिन्धुसमीपतः ।।५।।
गते दण्डिनि साधुश्च कृतनित्यक्रियस्तदा । उत्थितां तरणीं दृष्ट्वा विस्मयं परमं ययौ ।।६।।




अतः हम लोग तों बनिया हैं, हमारी नाव में जो लदा है वह कहते हैं । सुनो—

*कवित्त– धनियाँ दालचीनी लवंग चूरा लायची गरी, मिरिच मँगरैला मेंथी मोथा ये भरे हैं जी ।। पीपर पित्तपापड़ा परासबन्दा पिपरामूल, हरदी हींग हर्रा तेजपत्ता ये भरे हैं जी ।। इमली इमलतास सोंठ सिंधिया सोहागा सोमल, सौंफ स्याहजीरा सरफोंका ये भरे हैं जी ।। साधु कहैं जिनिस जाहिर भरी है जम्मा दण्डी महाराज मेरी नाव में धरे हैं जी ।। शहद सफेदा सीप साम्हर नमक सेंधा, सुरती सतावर सोरा लादा अलबत्ता है ।। मिश्री मुनक्का मोम माधोजी मुलेठी मुस्क, माजूफल मुत्ता माघी मिरचा अलबत्ता है ।। कासनी कसौजी कुसुम केसर कपास किसमिस, कचरी कुचिला कपूर कत्थादि को चकत्ता है ।। साधु कहैं दण्डी महाराज यहाँ मुद्रा कहाँ एक नहीं तत्ता नाव भरे लता-पत्ता है ।। चकवड़ चिरायता चहारतुख्म चोंपचीनी, चन्दन चिरौंजी चोवा चैन कौन गनता है ।। सालिम सोपाड़ी समलपत्ती सनाय संजी, सेमर के तूल मूल फूल फल घनता है ।। जाफरान जावित्री जहरमार जबाखार, जहर हैं हजार झूठ कहत नहीं बनता है ।। बच्छनाग बबुरी बहेरा और दण्डी जी, साधु कह्यो माधो नाव भरे लता-पत्ता है ।।*

इस प्रकार साधु बनिया का निष्ठुर वचन सुनकर दण्डी ने कहा कि जो तुम्हारा वचन है वह सत्य हो अर्थात् तुम्हारी नौका में लतापत्र ही हो जाय ।।४।। इस प्रकार कहकर सन्यासीजी वहाँ से चलकर नदी के समीप ही एक स्थान पर बैठ गये ।।५।। उनके जाने के बाद वैश्य अपना नित्य कर्म करने के बाद उस नौका को देखा कि जल में उतरायी हुई है ।



दृष्ट्वा लतादिकं चैव मूर्च्छितो न्यपतद् भुवि । लब्धसञ्ज्ञो वणिक्पुत्रस्ततश्चिन्तान्वितोऽभवत् ।।७।।
तदा तु दुहितुः कान्तो वचनं चेदमब्रवीत् । किमर्थं क्रियते शोकः? शापो दत्तश्च दण्डिना ।।८।।
शक्यतेऽनेन सर्वं हि कर्तुं चाऽत्र न संशयः। अतस्तच्छरणं यामो वाञ्छितार्थो भविष्यति ।।९।।




इससे आश्चर्य में पड़ा कि ।।६।। अभी तो इस नौका के बराबर जल था और थोड़ी देर में यह जल से उतरा गई फिर नौका पर चढ़कर देखा कि जितना जवाहिरात इत्यादि था सब लता-पत्रादि हो गया, उसे देखकर मूर्च्छित होकर पृथ्वी पर गिर पड़ा ।।७।। एक कवि ने कहा है कि—

*मूँगा उन्नाव भयो, हीरा भयो नून नाश, गन्धक पोखराज भयो, पन्ना भयो पसेरी जी । मोती भई लायची, सुसोना भयो रामरज, रूपा भयो सेतखरी लगी भई ढेरी जी । चुन्नी भई लाही माघी, मणी लाल काँच कच्चे, भये लता पत्र भरे साधू, सारी नाव हेरी जी । गिरे मतवाले से देवाले की बनीजी देख, दौड़ के उठायो है दामाद हाथ फेरी जी ।*

जो आदमी निकम्मा है वो जिन्दा रहकर भी मुर्दा है। जो किसी से आशा रखता है वो अमृत ...

साधु नाम, बनिया से दामाद कहता है कि— **श्लोक–**

*गते शोको न कर्तव्यो भविष्यं नैव चिन्तयेत् । वर्तमानेन कालेन प्रवर्तन्ते विचक्षणाः ।।*

क्यों शोक करते हो? आपको संन्यासी का शाप है । **दोहा–**

*दण्डी जी को शाप है, गहो जाइके पाँव । तब यह पूरी होयगी, माल जाल से नाव ।।*
*प्रणतपाल रघुवंशमणि, करुणासिन्धु खरारि । गये शरण प्रभु राखि हैं, सब अपराध बिसारि ।।*
*मोहमूल बहु शूलप्रद, त्यागहुँ तुम अभिमान । भजहुँ राम रघुनायकहिं, कृपासिन्धु भगवान् ।।८-९।।*

**जामातुर्वचनं श्रुत्वा तत्सकाशं गतस्तदा । दृष्ट्वा च दण्डिनं भक्त्या नत्वा प्रोवाच सादरम् ।।१०।।**
**क्षमस्व चापराधं मे यदुक्तं तव सन्निधौ । एवं पुनः पुनर्नत्वा महाशोकाकुलोऽभवत् ।।११।।**
**प्रोवाच वचनं दण्डी विलपन्तं विलोक्य च । मारोदीः श्रृणु मद्-वाक्यं मम पूजाबहिर्मुखः ।।१२।।**
**ममाऽऽज्ञया च दुर्बुद्धे ! लब्धं दुःखं मुहुर्मुहुः। तच्छ्रुत्वा भगवद्वाक्यं स्तुतिं कर्तुं समुद्यतः ।।१३।।**

---

ऐसी दामाद की बातें सुनकर साधु वैश्य दण्डी स्वामी के पास गया और शीघ्रता से भक्तिपूर्वक दण्डवत् किया और दण्डी स्वामी से आदरपूर्वक बोला ।।१०।। कि मैंने आपके समीप झूठ कहा है, उस अपराध को आप क्षमा कीजिये । ऐसा बारम्बार दण्डवत् किया और महाशोक से व्याकुल हुआ ।।११।। उस वैश्य को अत्यन्त विलाप करते हुए देखकर उससे दण्डी स्वामी कहते हैं—

*नहिं तुम से भूषण चहत, नहिं तुमसे धन-धाम । नहिं तुमसे भोजन चहत, नहिं तुमसे कछु काम ।*

हे साधु वैश्य ! तुम रोवो मत, तुमने मेरी पूजा करने को कहकर नहीं किया ।।१२।। इसलिए हे बुद्धिहीन ! मेरी आज्ञा से तुमको बारम्बार दुःख हुआ । इसलिए हे साधु वैश्य ! सुनो—

*सवैया— हित जानि तुम्हें उपदेश दिया, धन भूखे कंगाल को बाँटियेगा । पहिचान के लोग से बात करो, भलमानुस को मत डाँटियेगा ।। कहीं दीन-मलीन जो दीख परैं, सियाराम कहें दुख काटियेगा यश गावेंगे प्यारे तिहारे सभी, कभी कूप तालाब न पाटियेगा ।। उपदेश हमारो सुनो चित्त सो, कवि पंडित को मत*





साधुरुवाच—

**त्वन्माया-मोहिताः सर्वे ब्रह्माद्यास्त्रिदिवौकसः। न जानन्ति गुणान् रूपं तवाऽश्चर्यमिदं प्रभो ।।१४।।**
**मूढोऽहं त्वां कथं जाने मोहितस्तव मायया । प्रसीद पूजयिष्यामि यथाविभवविस्तरैः।।१५।।**
**पुरा वित्तं च तत्सर्वं त्राहि मां शरणागतम् । श्रुत्वा भक्तियुतं वाक्यं परितुष्टो जनार्दनः।।१६।।**
**वरं च वाञ्छितं दत्वा तत्रैवाऽन्तर्दधे हरिः। ततो नावं समारुह्य दृष्ट्वा वित्तप्रपूरिताम् ।।१७।।**

---

*कोसियेगा । सबसे हिलके मिलके रहिए, इन बातन को उर सोचियेगा ।। कोउ संकट में जब आन फँसे, सियाराम कहे दुःख मोचियेगा ।*

ऐसा दण्डी स्वामी का वचन सुनकर वैश्य स्तुति करता है ।।१३।। साधु वैश्य ने कहा कि हे प्रभु ! आपकी माया से ब्रह्मादि सब देवता भी मोहित हुए हैं और वे भी आपके आश्चर्यकारक स्वरूप और गुणों को नहीं जानते ।।१४।। और मैं तो मूढ़ हूँ, याने मूर्ख हूँ, आपकी माया से मोहित हुआ हूँ, इसलिए मैं आपको कैसे जानूँ । अब मेरे अपराध को क्षमा कीजिए। मैं आपका अपने ऐश्वर्य के अनुसार पूजन करूँगा ।।१५।। मैं आपकी शरण आया हूँ, इसलिए पुनः मेरा पहला द्रव्य मुझको देकर मेरी रक्षा कीजिए, ऐसी साधु वैश्य की भक्तियुक्त बात सुनकर दण्डी स्वामी प्रसन्न हुए और कहते हैं कि ।।१६।।

कवित्त—

*धन के घमण्ड प्यारे मन से तुम दूर करो, दौलत खजाना माल सबै धर जाना है । थोड़ी-सी जिन्दगी में सियाराम ध्यान धरो, आयो तुम जहाँ से कि वाही घर जाना है । हुज्जत लड़ाई करने का कुछ काम नहीं, काहे*

देना है दीजिए जन्म-1 का साथ-1 मेरे सिर पर रख दो कान्हा, अपने दोनों हाथ, देना है तो दीजिए जन्म-1 का साथ
देने वाले श्याम प्रभु तो धन और दौलत क्या मांगे, श्याम से मांगें तो फिर नाम और इज्जत क्या मांगे - 2
मेरे जीवन में अब कर दे, तू कृपा की बरसात - देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ ।





**कृपया सत्यदेवस्य सफलं वाञ्छितं मम । इत्युक्त्वा स्वजनैः सार्द्धं पूजा कृत्वा यथाविधि ।।१८।।**

**हर्षेण चाऽभवत् पूर्णः सत्यदेवप्रसादतः। नावं संयोज्य यत्नेन स्वदेशगमनं कृतम् ।।१९।।**

**साधुर्जामातारं प्राह पश्य रत्नपुरीं मम । दूतं च प्रेषयामास निजवित्तस्य रक्षकम् ।।२०।।**

*को किसी से तोहि बैर कर जाना है । लाखन में एक बात तुमसे बताये जात, काहु को सताओ मत, अन्त मर जाना है ।*

आगे दण्डी स्वामी बनियाँ को इतना समझाकर वर दिये कि—

*''तुम्हारा मनोरथ सिद्ध हो याने तुम्हारा द्रव्य तुमको मिल जाय ।''*

ऐसा इच्छित वर देकर सत्यनारायण प्रभु जो दण्डी वेष में थे, सो वहीं पर अन्तर्धान हो गये और वैश्य ने नाव पर जाकर देखा तो नाव धन से भरी हुई पायी ।।१७।। ऐसा स्मृति में लिखा है—

*श्लोक–*

*परोपकरणं येषां जागर्ति हृदये सताम् । नश्यन्ति विपदस्तेषां सम्पदस्तु पदे पदे ।।*

*अष्टादशपुराणानां व्यासस्य वचनद्वयम् । परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम् ।*

बनिया ने सब जनों से कहा कि सत्यनारायण प्रभु की कृपा से मेरा मनोरथ सिद्ध हुआ, ऐसा कहकर स्वजन के सहित ही वहाँ पर श्रद्धापूर्वक सत्यनारायण प्रभु का पूजन करके, उनकी कृपा से अपने घर को चलने की तैयारी किया ।।१८।। आगे सत्यदेव के प्रसाद से धन से पूर्ण नाव की चीजें सब ठिकाने-ठिकाने कर आनन्दपूर्वक दामाद तथा नौकर इत्यादि को साथ लेकर अपने देश को चला ।।१९।। बहुत समय के बाद अपने नगर के पास साधु







**दूतोऽसौ नगरं गत्वा साधुभार्यां विलोक्य च । प्रोवाच वाञ्छितं वाक्यं नत्वा बद्ध्वाऽञ्जलिस्तदा ।।२१।।**

**निकटे नगरस्यैव जामात्रा सहितो वणिक् । आगतो बन्धुवर्गैश्च वित्तैश्च बहुभिर्युतः।।२२।।**

**श्रुत्वा दूतमुखाद्वाक्यं महाहर्षवती सती । सत्यपूजां ततः कृत्वा प्रोवाच तनुजां प्रति ।।२३।।**

**व्रजामि शीघ्रमागच्छ साधुसन्दर्शनाय च । इति मातृवचः श्रुत्वा व्रतं कृत्वा समाप्य च ।।२४।।**

**प्रसादं च परित्यज्य गता साऽपि पतिं प्रति । तेन रुष्टः सत्यदेवो भर्तारं तरणीं तथा ।।२५।।**

नाम का बनिया आया, तब दामाद से कहने लगा कि देखो, यह हमारा रत्नपुर नगर दिखाई दे रहा है ऐसा कह के उस वैश्य ने अपने धन की रक्षा करनेवाले दूत को अपने घर भेजा ।।२०।। वह दूत जब नगर में गया । वहाँ जाके साधु वैश्य की स्त्री को देखकर हाथ जोड़ा और प्रिय वचन सुनाया ।।२१।। उस दूत ने साधु वैश्य की स्त्री से कहा कि आपके पति व दामाद सब जनों के सहित बहुत-सा धन लेकर नगर के निकट आ गये हैं ।।२२।। ऐसा दूत के वचन सुनकर उस पतिव्रता स्त्री ने बड़ी आनन्दित होकर उसी समय अपनी कन्या से कहा कि तुम सत्यनारायण का पूजन करो ।।२३।। और मैं शीघ्र पति का दर्शन करके आती हूँ, ऐसा कहकर माता तो अपने पति के दर्शन करने चली गयी और कन्या माता का ऐसा वचन सुनकर शीघ्र भगवान् का पूजन कर और प्रसाद न लेकर अपने पति के दर्शन करने चली गयी ।।२४।। प्रसाद त्यागकर कन्या का जाना देख भगवान् रुष्ट हो गये और उसके पति को नौका तथा धन के सहित ।।२५।। जल में डुबो दिया, पीछे वह

संहृत्य च धनैः सार्धं जले तस्याममज्जयत् । ततः कलावती कन्या न विलोक्य निजं पतिम् ।।२६।।
शोकेन महता तत्र रुदन्ती चाऽपतद्भुवि । दृष्ट्वा तथाविधां नावं कन्यां च बहुदुःखिताम् ।।२७।। अ.
स. व्र. क. भीतेन मनसा साधुः किमाश्चर्यमिदं भवेत् । चिन्त्यमानाश्च ते सर्वे बभूवुस्तरिवाहकाः ।।२८।। ४
ततो लीलावती कन्यां दृष्ट्वा सा विह्वलाऽभवत् । विललापातिदुःखेन भर्तारं चेदमब्रवीत् ।।२९।।
इदानीं नौकया सार्द्धं कथं सोऽभूदलक्षितः । न जाने कस्य देवस्य हेलया चैव सा हृता ।।३०।।

कलावती अपने पति को न देखकर बहुत दुःखित हुई ।।२६।। और महाशोक में होकर रोती-रोती पृथ्वी पर गिर पड़ी और कहने लगी कि—

*काह करौं जाऊँ कहाँ, बिनु पति कहाँ ठिकान ? । दुखः दुखिया बिन को सुने, केतिक करौं बयान ।।*

तब वह वैश्य डूबी नाव को और कन्या को बहुत दुःखी देख ।।२७।। बनिया मन में बड़ा भयभीत होकर ऐसा विचार कहने लगा कि यह बड़ा आश्चर्य हुआ और वे सब नाव चलाने वाले मल्लाह भी चिन्ता करने लगे ।।२८।। बाद लीलावती उस कन्या को विलाप करती देखकर अति दुःख से व्याकुल हुई और विलाप करके पति से कहने लगी ।।२९।। कि देखते-देखते दामाद नौका सहित कैसे अलक्षित हो गया । न जाने किसी देवता के चमत्कार से वह नाव गायब हो गयी या कोई भूत-प्रेतादि तो नहीं गायब कर दिये । ऐसी आश्चर्यजनक बातें कह रही थी ।।३०।।



सत्यदेवस्य माहात्म्यं ज्ञातुं वा केन शक्यते । इत्युक्त्वा विललापैव ततश्च स्वजनैः सह ।।३१।।
ततो लीलावती कन्यां क्रोडे कृत्वा रुरोद ह । ततः कलावती कन्या नष्टे स्वामिनि दुःखिता ।।३२।। अ.
स. व्र. क. गृहीत्वा पादुकां तस्याऽनुगन्तुं च मनोदधे । कन्यायाश्चरितं दृष्ट्वा सभार्यः सज्जनो वणिक् ।।३३।। ४
अतिशोकेन सन्तप्तश्चिन्तयामास धर्मवित् । हृतं वा सत्यदेवेन भ्रान्तोऽहं सत्यमायया ।।३४।।

परन्तु सत्यनारायण का माहात्म्य जानने के लिए कौन समर्थ है ? कहीं उन्हीं के कोप से तो ऐसा कहकर फिर शोक करने लगी ।।३१।। और कन्या कलावती को गोद में लेकर लीलावती रुदन करने लगी । बाद में कलावती अपना पति नष्ट हुआ देखकर दुःखित होकर विचार करने लगी कि जब पति नष्ट हो गये तो हम जीकर क्या करेंगे । हमारा जीना व्यर्थ है, इसलिए सती हो जाना चाहिये ।।३२।। ऐसा विचार कर मकान पर गई और पति का खड़ाऊँ लेकर वहाँ पर आई, उसी खड़ाऊँ को लेकर सती होने का निश्चय किया । फिर विचार करने लगी कि हमारा पति जल में डूबा है, तो खड़ाऊँ लेकर मैं भी जल में डूब जाऊँ अथवा अग्नि में जल जाऊँ, ऐसा विचार करके माता से कहा कि—

*आनि काठ शुभ मातु तैं, अबहीं चिता बनाय । घर से मैं पादुका लाती हूँ अब जाय ।।*

*सोरठा– पावक देहु लगाय, वाही में मैं बैठिहों । भस्म देह होइ जाय, जीने से कुछ काम नहिं ।।*

कन्या की ऐसी बात सुनकर स्त्री के सहित बनिया बहुत दुःखित हुआ ।।३३।। और शोक से अति सन्तप्त होकर विचार करने लगा कि यह सब ऐश्वर्य मेरा सत्यनारायण ने हरण किया है अथवा मैं उनकी माया से भ्रान्त हुआ हूँ, यह नहीं जान सकता ।।३४।। मेरा श्री वैष्णव परिवार, हरि आ जाओ एक बार - 2 हरि आ जाओ-2 मेरी बिगड़ी बात बना जाओ । भक्तो सुनो पुकार. मेरी बिनती सुनने आ जाओ, मेरी नैया पार लगा जाओ ।। मेरी आत्मा करे पुकार । हरि आ जाओ एक

सत्यपूजां करिष्यामि यथाविभवविस्तरैः। इति सर्वान् समाहूय कथयित्वा मनोरथम् ।।३५।।
नत्वा च दण्डवद् भूमौ सत्यदेवं पुनः पुनः। ततस्तुष्टः सत्यदेवो दीनानां परिपालकः।।३६।।
जगाद वचनं चैव कृपया भक्तवत्सलः। त्यक्त्वा प्रसादं तं कन्या पतिं द्रष्टुं समागता ।।३७।।
अतोऽदृष्टोऽभवत्तस्याः कन्यकायाः पतिर्ध्रुवम् । गृहं गत्वा प्रसादं च भुक्त्वा साऽऽयाति चेत्पुनः।।३८।।
लब्धभर्त्री सुता साधो ! भविष्यति न संशयः। कन्यका तादृशं वाक्यं श्रुत्वा गगनमण्डलात् ।।३९।।




बाद वैश्य ने सबों को बुलाया और अपना मनोरथ सुना करके कहा कि यह मेरा कष्ट सत्यनारायण प्रभु की कृपा से हुआ है और किसी की नहीं ।।३५।।

सवैया–

*जबहीं जब कष्ट पर्‌यो हमको, तबहीं तब सत्य सुदेवहिं क्रोधा । देशहु जाइ विदेशहु में, बिनु चोरि किये धरि बाँधेउ जोधा ।। धन नावहु में सब पत्र भये, सब पूर्ण भयो पुनि दण्डिहि सोधा । यहि ते हम जानहिं क्रोध कियो, हठि सत्यनारायण जानि अबोधा ।।*

ऐसा कहकर पृथ्वी पर बारम्बार दण्डवत् करने लगा, जिससे दीनन के पालन करने वाले प्रभु प्रसन्न हुए ।।३६।। उनके प्रसन्न होने से आकाशवाणी हुई कि—'हे साधु ! तेरी कन्या मेरे प्रसाद को त्याग करके अपने पति का दर्शन करने चली आई है ।।३७।। जिससे इसको पति का दर्शन नहीं हुआ, यह कन्या अब घर जाकर प्रसाद खाके फिर आवेगी ।।३८।। तो इसका पति इसको निःसन्देह मिलेगा ।' उस कन्या ने गगन-मण्डल से आकाशवाणी सुनके ।।३९।। शीघ्र घर गयी, घर जाकर प्रसाद खाया, जल पिया, फिर वहाँ पर आई तो स्वजनों के



क्षिप्रं तदा गृहं गत्वा प्रसाद च बुभोज सा । सा पश्चात् पुनरागत्य ददर्श स-जनं पतिम् ।।४०।।
ततः कलावती कन्या जगाद पितरं प्रति । इदानीं च गृहं याहि विलम्बं कुरुषे कथम् ।।४१।।
तच्छ्रुत्वा कन्यकावाक्यं सन्तुष्टोऽभूद् वणिक्सुतः। पूजनं सत्यदेवस्य कृत्वा विधिविधानतः।।४२।।
धनैर्बन्धुगणैः सार्धं जगाम निजमन्दिरम् । पौर्णमास्यां च संक्रान्तौ कृतवान् सत्यस्य पूजनम् ।।४३।।
इह लोके सुखं भुक्त्वा चाऽन्ते सत्यपुरं ययौ ।।४४।।

*इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथायां चतुर्थोऽध्यायः।।४।।*




सहित अपने पति को देखा । अब विचार करने लगी कि पिता के सङ्कोच से पति से चलने को कह नहीं सकती ।।४०।। इसलिए पिता से कहती है कि पिताजी, अब घर चलिये, विलम्ब क्यों कर रहे हैं ।।४१।। इस तरह कन्या का वचन सुन करके वैश्य सन्तुष्ट हुआ । उसी समय वहीं पर सत्यनारायण प्रभु का विधिपूर्वक पूजन करके ।।४२।। द्रव्य और बन्धुजनों के सहित आनन्दपूर्वक घर को आया । बाद हर पौर्णमासी और संक्रान्ति को बराबर सत्यनारायण प्रभु का पूजन करने लगा ।।४३।। शौनकादिक ऋषियों से सूतजी महाराज कहते हैं कि इस प्रकार साधु वैश्य व्रत के प्रभाव से इस लोक में सुख भोगकर अन्त में सत्यपुर याने वैकुण्ठ को प्राप्त हुआ ।।४४।।



*इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथा-भाषाटीकायां चतुर्थोऽध्यायः।।४।।*

श्री मन नारायणम् नारायणम् - 2, श्री मन नारायणम् [illegible] -)
अच्युतम केशवं कृष्ण दामोदरं, राम नारायणं जानकी वल्लभम् ।। [illegible] कभी ना कभी [illegible]
नाम जपते चलो, काम करते चलो, हर समय कृष्ण ध्यान करते चलो, याद आयेगी उनको [illegible]

काहू न कोऊ सुख दुःख दाता। निज कर्म कृत भोग सब भ्राता ॥

# पञ्चमोध्यायः (५)

प्र - प्रभु
सा - साक्षात
द - दर्शन
प्रसाद - प्रभु साक्षात दर्शन

**सूत उवाच–**

स. **अथाऽन्यत् सम्प्रवक्ष्यामि शृणुध्वं मुनिसत्तमाः। आसीत्तुङ्गध्वजो राजा प्रजापालनतत्परः।।१।।** अ.
व्र. **प्रसादं सत्यदेवस्य त्यक्त्वा दुःखमवाप सः। एकदा स वनं गत्वा हत्वा बहुविधान् पशून् ।।२।।** ५
क.

अब सूतजी ने शौनकादिक ऋषियों से कहा कि हे मुनीश्वरो ! और भी एक कथा कहता हूँ वह आप लोग सुनो। सतयुगमें एक तुङ्गध्वज नाम का राजा था, वह प्रजाओं के पालन में ऐसा तत्पर था कि प्रजा को पुत्र के समान पालन करनेवाला था ॥१॥ वह राजा सत्यनारायण का प्रसाद त्यागने से अत्यन्त दुःखी हुआ। उसका वृत्तान्त इस प्रकार है कि एक समय वह तुङ्गध्वज राजा सेना को साथ लेकर एक बहुत बड़े जङ्गल में मृगादि का शिकार करने के लिये गया और अनेक प्रकार के पशुओं का शिकार करते हुए एक मृग के पीछे दौड़ते घोर जङ्गल में अकेला जा पहुँचा। सब सेना का संग छूट गया। वहाँ एक प्रेत वटवृक्ष पर रहता था, वह बहुत रोज का भूखा था, वह राजा को देखकर खाने को दौड़ा, राजा ने विचार किया, अब क्या करना चाहिए, तो मन स्थिर करके प्रेत से राजा ने कहा कि हे प्रेत ! तुमने कौन-सा ऐसा पाप किया था कि जिससे प्रेत-योनि में पहुँचे? राजा का वचन सुनकर प्रेत बोला कि हम गुजरात के रहने वाले हैं, हम पूर्व जन्म में बहुत से पाप किये, जिससे यह योनि पायी और घूमते-घूमते आकर इस जंगल में पड़े हैं, राजा ने ५४
कहा कि तुम हमारे साथ चलो, तुमको अच्छे-अच्छे पदार्थ खिलावेंगे और प्रेत-योनि से छूटने का भी उपाय करेंगे। ऐसा सुनकर प्रेत बहुत प्रसन्न हुआ। उस प्रेत से राजा ने कहा कि भाई ! चलोगे तो हमारे यहाँ कोई विघ्न-बाधा तो न करोगे?

**आगत्य वटमूलं च दृष्ट्वा सत्यस्य पूजनम्। गोपाः कुर्वन्ति सन्तुष्टाः भक्तियुक्ताः स-बान्धवाः।।३।।**
**राजा दृष्ट्वा तु दर्पेण न गत्वा न ननाम सः। ततो गोपगणाः सर्वे प्रसादं नृपसन्निधौ ।।४।।**
स. **संस्थाप्य पुनरागत्य भुक्त्वा सर्वे यथेप्सितम्। ततः प्रसादं सन्त्यज्य राजा दुःखमवाप सः।।५।।** अ.
व्र. ५
क.

प्रेत ने कहा कि आप हमारे मित्र हो गये, मित्र से धोखा नहीं किया जाता। एक कवि ने कहा भी हैं कि—

**सवैया–**

***मित्रद्रोही कृतघ्नश्च ये च विश्वासघातकाः। ते नरा नरकं यान्ति यावत् चन्द्रदिवाकरौ ।।***

ऐसा कहकर राजा के संग चला। आगे जाकर एक वटवृक्ष था, वहाँ राजा ने घोड़ा खड़ा कर दिया, वह प्रेत वटवृक्ष पर बैठ गया ॥२॥ राजा उस वटवृक्ष के नीचे ठण्डा होने लगा। ***श्लोक–***

***यथा हि पथिकः कश्चिच्छायामाश्रित्य तिष्ठति। विश्रम्य च पुनर्गच्छेत् तद्वद् भूतः समागतः।।***

इस प्रकार राजा ने ठण्डा होकर वहाँ देखा कि बहुत से ग्वाल लोग भक्तिपूर्वक सत्यनारायण प्रभु का पूजन कर रहे हैं ॥३॥ ऐसा देखकर राजा अहङ्कार से न तो वहाँ पर गया, न उसने सत्यनारायण प्रभु को हाथ ही जोड़ा। जब पूजन समाप्त हो गया तब ग्वाल लोगों ने इच्छानुसार सत्यनारायण का प्रसाद राजा के आगे ले जाकर रखा ॥४॥ और अपने स्थान पर आकर सब लोगों ने प्रसाद खाया और राजा उस प्रसाद को त्याग कर चला गया। प्रेत ने विचार किया कि भूख लगी है। अभी पता नहीं राजा खाने को कब देंगे, तो यह प्रसाद खा लें, प्रसाद उठाकर वह खा गया, तुरन्त ही आकाश से विमान आया, उस पर बैठकर वह स्वर्ग को चला गया और उसका मोक्ष हो ५५
गया और राजा को प्रसाद त्यागने से बड़ा दुःख हुआ ॥५॥ पता नहीं किस रूप में आकर नारायण मिल जायेगा

निरमल मन के दर्पण में वह राम के दर्शन पायेगा – पता नहीं किस रूप में आकर नारायण मिल जायेगा
नियती भेद नहीं करती, जो लेती है वो देती है, जो बोयेगा वो काटेगा, ये जग कर्मों की खेती है ॥
यदि कर्म तेरे पावन हैं सभी, डूबेगी नहीं तेरी नाव कभी, तेरी बाँह पकड़ने को, वो भेष बदलकर आयेगा – पता नहीं किस रूप

तस्य पुत्रशतं नष्टं धन-धान्यादिकं च यत् । सत्यदेवेन तत्सर्वं नाशितं मम निश्चितम् ।।६।।
अतस्तत्रैव गच्छामि यत्र देवस्य पूजनम् । मनसा तु विनिश्चत्य ययौ गोपालसन्निधौ ।।७।।
स. ततोऽसौ सत्यदेवस्य पूजां गोपगणैः सह । भक्तिश्रद्धान्वितो भुक्त्वा चकार विधिना नृपः।।८।। अ.
व्र. क. सत्यदेवप्रसादेन धन-पुत्रान्वितोऽभवत् । इह लोके सुखं भुक्त्वा चाऽन्ते सत्यपुरं ययौ ।।९।। ५
य इदं कुरुते सत्यं व्रतं परमदुर्लभम् । शृणोति च कथां पुण्यां भक्तियुक्तः फलप्रदाम् ।।१०।।

वह क्या दुःख हुआ कि उस राजा के सौ पुत्र थे सब नाश को प्राप्त हो गये और धन-धान्यादि जो सम्पत्ति थी वह भी नष्ट हो गयी । तब राजा ने विचार किया कि सत्यनारायण के प्रसाद त्यागने से ही हमारी यह दशा हुई है, इसमें संशय नहीं । क्योंकि इनमें इतनी शक्ति है ।

*श्लोक–*

***रङ्कं करोति राजानं, राजानं रङ्कमेव च । धनिनं निर्धनं चैव निर्धनं धनिनं तथा ।।६।।***

ऐसा विचार करके जहाँ पर सत्यनारायण का पूजन हो रहा था वहाँ चलें, ऐसा निश्चय कर उन ग्वाल लोगों के पास गये ।।७।। इसके बाद सब गोप लोगों के सहित राजा ने भक्तिपूर्वक श्रद्धायुक्त होकर यथाविधि सत्यनारायण प्रभु का पूजन किया ।।८।। सत्यदेव के प्रसाद से राजा को पुत्र और धन-धान्य सब ज्यों-का-त्यों हो गया और इस लोक में सुख भोगकर अन्तकाल में सत्यलोक को प्राप्त हुआ ।।९।। सूतजी कहते हैं कि, हे शौनकादि मुनीश्वरो, ऐसा लिखा है कि—



*श्लोक–*

***कः कालः कानि मित्राणि, को देशः कौ व्ययागमौ । कश्चाऽहं का च मे शक्तिरिति चिन्त्यं मुहुर्मुहुः ।***

धन-धान्यादिकं तस्य भवेत् सत्यप्रसादतः। दरिद्रो लभते वित्तं बद्धो मुच्येत बन्धनात् ।।११।।
भीतो भयात् प्रमुच्येत सत्यमेव न संशयः। ईप्सितं च फलं भुक्त्वा चाऽन्ते सत्यपुरं व्रजेत् ।।१२।।
स. व्र. इति वः कथितं विप्राः सत्यनारायणव्रतम् । यत्कृत्वा सर्वदुःखेभ्यो मुक्तो भवति मानवः।।१३।। अ. ५
क. विशेषतः कलियुगे सत्यपूजा फलप्रदा । केचित् कालं वदिष्यन्ति सत्यमीशं तमेव च ।।१४।।

हे मुनीश्वरो ! सब मनुष्यों को समझ कर भगवान् में प्रीति रखनी चाहिए । जो मनुष्य भक्तिपूर्वक सत्यनारायण के व्रत व पूजन करता है तथा वांछित फल देने वाला और पुण्यकारक कथा सुनता है ।।१०।। तो उसको सत्यनारायण के प्रसाद से धन-धान्यादि सब प्राप्त होता है । जो दरिद्र हैं उनको धन लाभ होगा, जो बन्धन में पड़ा होगा वह बन्धन से छूट जायेगा ।।११।। और जो किसी प्रकार के भय में पड़ गया हो, वह भव-बन्धन से छूट जायेगा, इस भाँति वह इस लोक में वांछित फल भोग करके अन्तकाल में बैकुण्ठ को जायेगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है, यह सत्य है ।।१२।। सूतजी महाराज कहते हैं कि हे ब्राह्मणो ! इस प्रकार सत्यनारायण प्रभु का व्रत जो मनुष्य करते हैं वे सब भवसागर रूपी दुःखों से छूट जाते हैं ।।१३।। और कलियुग में विशेष करके सत्यनारायण की पूजा ही सम्पूर्ण फल को देनेवाली है । इनको कलिकाल भी कहते हैं, कोई सत्य कहते हैं, कोई ईश कहते है ।।१४।।



हरे कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेव ।।
जो किस्मत जगत की बनावे है सारे, तो क्यूँ ना चले हम उन्ही को पुकारे ।।
यही मन्त्र जपते है ऋषि सारे -2 हे कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेव

**सत्यनारायणं केचित् सत्यदेवं तथापरे । नानारूपधरो भूत्वा सर्वेषामीप्सितप्रदः ॥१५॥**
**भविष्यति कलौ सत्यव्रतरूपी सनातनः। श्रीविष्णुना धृतं रूपं सर्वेषामीप्सितप्रदम् ॥१६॥**
**य इदं पठते नित्यं शृणोति मुनिसत्तमाः। तस्य नश्यन्ति पापानि सत्यदेवप्रसादतः॥१७॥**
**व्रतं यैस्तु कृतं पूर्वं सत्यनारायणस्य च । तेषां त्वपरजन्मानि कथयामि मुनीश्वराः॥१८॥**
**शतानन्दो महाप्राज्ञः सुदामा ब्राह्मणो ह्यभूत् । तस्मिन् जन्मनि श्रीकृष्णं ध्यात्वा मोक्षमवाप ह ॥१९॥**
**काष्ठभारवहो भिल्लो गुहराजो बभूव ह । तस्मिन् जन्मनि श्रीरामं सेव्य मोक्षं जगाम वै ॥२०॥**




कोई सत्यनारायण, कोई सत्यदेव कहते हैं । यही नाना प्रकार के रूप धारण करके सबके मनोरथ को पूर्ण करते हैं ॥१५॥ और यही सनातन अविनाशी भगवान् इस कलियुग में (विष्णु) सत्यव्रत रूप धारण करके इच्छा की पूर्ति करते हैं ॥१६॥ सूतजी महाराज कहते हैं कि हे मुनीश्वरों ! जो मनुष्य यह कथा नित्य पढ़ता है और सुनता है उसका सत्यदेव के प्रसाद से सम्पूर्ण पाप नाश हो जाता है ॥१७॥ सूतजी महाराज कहते हैं कि, हे मुनीश्वरो ! जिसने सत्यनारायण का व्रत पूर्वजन्म में किया उन लोगों के दूसरे जन्म का हाल अब कहते हैं, सुनो ॥१८॥ वह शतानन्द जो गरीब ब्राह्मण थे वह दूसरे जन्म में सुदामा हुए, वे श्रीकृष्ण में प्रीति करके मोक्ष को प्राप्त हुए ॥१९॥ और काष्ठ का बोझ ढोनेवाला जो भिल्ल था वह दूसरे जन्म में गुहराज याने निषाद राजा हुए, जो भगवान् श्रीरामजी की सेवा करके मोक्ष को प्राप्त हुआ ॥२०॥



**उल्कामुखो महाराजो नृपो दशरथोऽभवत् । श्रीरङ्गनाथं सम्पूज्य श्रीवैकुण्ठं तदाऽगमत् ॥२१॥**
**धार्मिकः सत्यसन्धश्च साधुर्मोरध्वजोऽभवत् । देहार्धं क्रकचश्छित्वा दत्वा मोक्षमवाप ह ॥२२॥**




उल्कामुख जो राजा थे दूसरे जन्म में दशरथ हुए । वे भगवान् रंगनाथ का पूजन करके वैकुण्ठ धाम को गये ॥२१॥ और धार्मिक जो सत्यसन्ध साधु बनिया थे वह मोरध्वज राजा हुए, ऐसे सत्यवान् राजा कि पत्नीयुक्त अपने पुत्र के दाहिने तरफ का अंग आरा से काटकर ब्राह्मण रूपधारी श्रीकृष्ण को देना स्वीकार किया । इसका दृष्टान्त ऐसा है कि—"एक समय भगवान् ने विचार किया कि मोरध्वज राजा बड़ा ही सत्यवादी है, इसकी परीक्षा करनी चाहिए । वह एक रोज ब्राह्मण का रूप धारण करके और एक रस्सी में शेर बाँधे हुए राजा के समीप आये । राजा से कहा कि हमारा शेर भूखा है, इसलिए खाने को दो । राजा ने कहा कि आपका शेर क्या खायेगा? ब्राह्मण ने कहा कि, तुम्हारे पुत्र को खायेगा । तो राजा ने कहा कि महाराज ! तैयार है । एक ही पुत्र राजा को था । ब्राह्मण ने कहा कि हे राजन् ! रानी से जाकर पूछो तो । रानी से राजा ने जाकर कहा कि हे रानी ! एक ब्राह्मण शेर लेकर आया है, वह कहता है कि यह शेर इस लड़के का दक्षिण अंग दो तो खायेगा, बायाँ अंग नहीं खायेगा, परन्तु लड़के को आँसू न बहे तब खायेगा । उसी वक्त लड़के के सिर पर माता-पिता ने ज्योंही आरा चलाया त्योंही बाँयी आँख से आँसू बहा, ब्राह्मण ने कहा कि आँसू आ गया अब नहीं खायेगा, तो लड़के ने कहा कि क्यों नहीं खायेगा? जिस अंग में आँसू आ गया है उसे तो नहीं खाना है, और जिस अंग को खाना है उसमें नहीं आया है, बाँयें अंग में आँसू आया है । क्यों आया कि, बाँयें अंग को कष्ट हुआ कि हम ऐसे पतित हैं कि हमको ग्रहण नहीं किया गया

ब्रज के नन्दलाला, राधा जी के सांवरिया, सभी दुःख दूर हुए जब तेरा नाम लिया।
नैनो में श्याम बसे, मन में बनवारी, सुध बिसरा गयी मुरली की धुन प्यारी। मन के मधुबन में रास रचाये रसिया, सभी दुःख दूर हुए, जब तेरा नाम लिया।

स. व्र. क.

तुङ्गध्वजो महाराजः स्वायम्भुरभवत् किल । सर्वान् भागवतान् श्रुत्वा श्रीवैकुण्ठं तदागमत् ।।२३।।

भूत्वा गोपाश्च ते सर्वे व्रजमण्डलवासिनः। निहत्य राक्षसान् सर्वान् गोलोकं तु तदा ययुः।।२४।।

अ. ५

*इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्येदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथायां पञ्चमोध्यायः।।५।।*

---

इससे आँसू आया। इतना सुनकर ब्राह्मण ने कहा कि तुम्हारा धर्म सत्य है, तुमको मोक्ष होगा। ऐसा सुनकर ब्राह्मण ने हाथ फेरा, इससे वह मोक्ष को प्राप्त हुआ ॥२२॥ और तुङ्गध्वज जो महाराज थे वे दूसरे जन्म में स्वायम्भु मनु हुए, वे सम्पूर्ण भागवत को सुनकर वैकुण्ठधाम को पधारे ॥२३॥ सत्यपूजापरायण गोप लोग दूसरे जन्म में ब्रजमण्डलस्वामी हुए और सब अत्याचारी राक्षसों का बध करके गोलोकधाम को गये ॥२४॥

*इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे श्रीवायुनन्दनमिश्रकृतभाषाटीका-सहितायां सत्यनारायणव्रतकथायां पञ्चमोध्याय:॥५॥*

मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है। करते हो तुम कन्हैया, मेरा नाम हो रहा है। मेरे
पतवार के बिना ही मेरी नाव चल रही है। हैरान है जमाना, मंजिल भी मिल रही है।
करता नहीं मैं कुछ भी, सब काम हो रहा है। करते हो तुम कन्हैया, मेरा नाम हो रहा है।
तेरी प्रेरणा से ही सब, कमाल हो रहा है, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है। -2

मेरे दिल में गयी समाय, ये भाव भरी शुक्ल जी भक्ति —।
[illegible] भाव भरी भक्ति

## * व्रतान्ते पूजनं हवनं च *

स. व्र. क.

पञ्चभूसंस्कारपूर्वकमग्निं संस्थाप्य, वरणद्रव्यं चाऽऽदाय । अस्मिन् सत्यनारायणव्रतकथाहवनकर्मणि एभिर्वरणद्रव्यैरमुकशर्माणं ब्राह्मणं ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे । वृतोऽस्मीति प्रतिवचनम् । ततः कुशकण्डिकां विधायाघारावाज्यभागौ हुत्वा ग्रहाहुतिं प्रधानाहुतिं च कुर्यात् । तत्र क्रमः–हस्तपरिमितां चतुरस्रां वेदीं कुशैः परिसमूह्य तान् कुशानैशान्यां परित्यज्य गोमयोदकेनोपलिप्य स्रुवमूलेन त्रिरुल्लिखय उल्लेखनक्रमेण मृदमुद्धृत्य जलेनाऽभ्युक्ष्य अग्निमुपसमाधाय, ततो दक्षिणतो ब्रह्मासनादारभ्य पर्युक्षणान्तं कुशकण्डिकां कृत्वा । ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये न मम । ॐ इन्द्राय स्वाहा इदमिन्द्राय० । ॐ अग्नये स्वाहा इदमग्नेय० । ॐ सोमाय स्वाहा इदं सोमाय० । इति आघारावाज्यभागौ । ॐ आकृष्णेनेति सूर्याय स्वाहा इदं सूर्याय० स्वाहा इदं सूर्याय० । ॐ इमं देवेति चन्द्राय स्वाहा, इदं चन्द्राय० । ॐ अग्निर्मूर्द्धेति भौमाय स्वाहा, इदं भौमाय० । ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने इति बुधाय स्वाहा, इदं बुधाय० । ॐ बृहस्पते, इति बृहस्पतये स्वाहा, इदं बृहस्पतये० । ॐ अन्नात्परिस्रुतेति शुक्राय स्वाहा, इदं

आरती

---

वेदी बनाकर पंचभूसंस्कार करके अग्नि स्थापित करे, वेदी पर स्वाभिमुख अग्नि स्थापन करे। इसके अनन्तर वरणद्रव्य लेकर ब्राह्मण का वरण करे। ब्राह्मण 'वृतोस्मि' ऐसा कहें। फिर अग्नि का पूजन करे तत्पश्चात् 'ॐ प्रजापतये...' इत्यादि इन मंत्रों के द्वारा घृत से अग्नि में हवन करके प्रोक्षणीपात्र में अवशेष घृत छोड़ता जाय। नव ग्रहों का हवन करें, पश्चात् प्रधान देवता 'श्री सत्यनारायणाय स्वाहा' इस मन्त्र को मन में जप करते हुये १०८ बार हवन करे।

शुक्राय० । ॐ शन्नो देवीति शनैश्चराय स्वाहा, इदं शनैश्चराय० । ॐ कया नश्चित्रेति राहवे स्वाहा, इदं राहवे० । ॐ केतुं कृण्वन्नकेतवे स्वाहा, इदं केतवे० । इति होमः। अथ प्रधानहोमः। ॐ इदं विष्णवे श्रीसत्यनारायणाय स्वाहा १०८ इदं विष्णवे० । ततः कर्पूरार्तिक्यं० । ॐ इदठ हविः, वा कर्पूरगौरम्, इति आर्तिक्यम् । कृतैतत् सत्यनारायणव्रतकथाहवनकर्मणः साङ्गतासिद्ध्यर्थः पूर्णपात्रं ब्रह्मणे तुभ्यमहं सम्प्रददे । कृतैतत् व्रत कथा श्रवणः साङ्गतासिद्ध्यर्थं यथा संख्याकान् ब्राह्मणान् भोजयिष्ये, ताम्बूलं दक्षिणां च दस्ते । कृतैतत् कथाश्रवणकर्मणः साङ्गतासिद्ध्यर्थं तन्मध्ये न्यूनातिरिक्तदोषपरिहारार्थं नानानामगोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो भूयसीं दक्षिणां विभज्य दातुमहमुत्सृजे । यान्तु देवगणाः सर्वे पूजामादाय मामकीम् । इष्टकामसमृद्ध्यर्थं पुनरागमनाय च ।। गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठ ! स्वस्थाने परमेश्वर ! । यत्र ब्रह्मादयो देवास्तत्र गच्छ हुताशन ! ।। इति देवान् विसर्जयेत् । तिलकाशीर्वादः। स्वस्त्यस्तु या विनाशाख्या पुण्यकल्याणवृद्धिदा । विनायकप्रिया नित्यं तां च स्वस्ति ब्रुवन्तु नः।। नारिकेलः क्रोडे दद्यात् । मन्त्रार्थाः सफलाः सन्तु पूर्णाः सन्तु मनोरथाः। शत्रूणां बुद्धिनाशोऽस्तु मित्राणामुदयस्तव ।। 'येन बद्धो बली राजे' ति रक्षाबन्धनम् ।

---

नवग्रहों तथा प्रधान देवता की आहुतियों का अवशेष प्रोक्षणी पात्र में नहीं छोड़ना चाहिये । इसके बाद 'ॐ मूर्द्धानं.....' इस मन्त्र से पूर्णाहुति करे । फिर पूर्णपात्र का दान करे । इसके बाद सत्यनारायण भगवान की आरती करे । ब्राह्मण भोजन का संकल्प करे तथा भूयसी दक्षिणा इत्यादि देवें फिर विसर्जन करे । पुनः नारियल गोद में दे तथा रक्षा बांधकर यजमान को आशीर्वाद प्रदान करें ।

** इति श्रीसत्यनारायणव्रतकथा तदन्ते पूजनं हवनं च समाप्तम् ।*



# श्री सत्यनारायण जी की आरती !

जय लक्ष्मी रमणा, स्वामी जय लक्ष्मी रमणा । सत्यनारायण स्वामी, जन - पातक हरणा ।। जय...
रत्न जड़ित सिंहासन, अद्भुत छवि राजे । नारद करत निराजन, घंटा ध्वनि बाजे ।। जय...
प्रकट भए कलिकारन, द्विज को दरश दियो ।। बुढो ब्राहमण बनकर, कंचन महल कियो ।। जय...
दुर्बल भील कठारो, जिन पर कृपा करी ।। चन्द्रचूड़ इक राजा, जिनकी विपति हरी ।। जय...
वैश्य मनोरथ पायो, श्रद्धा तज दीन्ही । सो फल भोग्यो प्रभुजी, फिर स्तुति कीन्ही ।। जय...
भाव - भक्ति के कारण, छिन - छिन रूप धर्यो । श्रद्धा धारण कीनी, तिन को काज सर्यो ।। जय...
ग्वाल - बाल संग राजा, बन में भक्ति करी । मनवांछित फल दीन्यो, दीनदयालु हरी ।। जय...
चढ़त प्रसाद सवायो, कदली फल मेवा । धूप - दीप - तुलसी से, राजी सत्यदेवा ।। जय...
श्री सत्यनारायण जी की आरति जो कोई नर गावे । ऋद्धि - सिद्ध सुख सम्पति जी भर के पावे ।। जय...

बोलो सत्यनारायण भगवान् की जय !

स.
व्र.
क.

# आरती जय जगदीश हरे

ॐ जय जगदीश हरे, स्वामी जय जगदीश हरे- भक्त जनों के संकट छन में दूर करे । (ॐ)
जो ध्यावे फल पावे दुःख बिनसे मन का-सुख सम्पत्ति घर आवे कष्ट मिटे तन का । (ॐ)
माता-पिता तुम मेरे शरण गहूँ किसकी-तुम बिन और न दूजा आस करूँ जिसकी । (ॐ)
तुम पूरण परमात्मा तुम अर्न्तयामी-पारब्रह्म परमेश्वर तुम सबके स्वामी । (ॐ)
तुम करूणा के सागर तुम पालनकर्ता-मैं मूरख खलकामी कृपा करो भर्ता । (ॐ)
तुम हो एक अगोचर सबके प्राणपती-किस विधि मिलूँ दयामय तुमको मैं कुमती । (ॐ)
दीन बन्धु दुख हर्ता ठाकुर तुम मेरे-अपने हाथ-उठाओ द्वार पड़ा तेरे । (ॐ)
विषय विकार मिटाओ पाप हरो देवा-श्रद्धा भक्ति पढ़ाओ सन्तन की सेवा । (ॐ)

आ
र
ती

—: सर्वविध पुस्तक प्राप्ति स्थान :—

मास्टर खेलाड़ीलाल संकटाप्रसाद

संस्कृत पुस्तकालय

कचौड़ीगली, (चौक), वाराणसी-२२१००१

दूरभाष : ०५४२-२३३२४५७ (निवास)



मुद्रक : मास्टर प्रिन्टिग प्रेस, बुलानाला, वाराणसी / कम्प्यूटर कम्पोजिंग- रस्तोगी कम्प्यूटर, खोजवा, मो. ९९३५३९७९३४